ओड़िशा संस्करण

18 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12 मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 238

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


नितिन गडकरी ने सुनाया किस्सा
कांग्रेस जॉइन करने के बजाय कुएं में कूद जाऊंगा




BIOME ®
Leading Institute for Pre-Medical Exam.
A Unit of Bhavya Educational Services LLP

सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान
झारखंड के इतिहास में पहली बार
NEET-UG में 700 मार्क्स पार
Legacy of BIOME Continues....

26 Out of 27 Selections from Ranker's Batch in NEET 2023






Jharkhand State Topper
705/720 RAKHI

Most of the Selected Students are from Classroom Program



691/720 MAHIYA MAHESHWARI
686/720 ADITYA ASTHANA
683/720 PRIYA GHOSH

Best & Highest Selection in NEET from एक शहर, एक संस्थान



ABHAY 675/720, JYOTIRMOY 670/720, SHREYA RAJ 666/720, HIMANSHU 663/720, TANJEEL 663/720, AMRENDRA 662/720, MRITUNJAY 660/720, ANJALI 655/720, RITIK 655/720, SONAM 650/720, AMAN 650/720
AKASH 646/720, CHAITANYA 643/720, ADITI 643/720, VINAY 642/720, ANIRBAN 640/720, SUPRIYA 637/720, SIDDHARTH 635/720, ANSHUMAN 634/720, KHUSHI 633/720, SHAISTA 631/720, SHIVANI 628/720
ALOK 627/720, TEJAS 627/720, DURGESH 626/720, HARSH 625/720, MOHAMAMD 622/720, SHAGUFTA 622/720, SANJAY 622/720, SHEYNAAZ 616/720, BITU RAZ 614/720, SEEMA 612/720, AFTAB 611/720
VIKASH 609/720, HARSH 607/720, SNEHA 607/720, SHALU 607/720, PIYUSH 607/720, MADHU 607/720, ANAND 606/720, SWATI 605/720, TANU SHREE 604/720, RANI 601/720, PALLAVI 601/720
and many more...

**LAKSHYA** — For 500+ Scorer in NEET 2023 — Starting from 6th July, 2023

**TARGET** — (12th Passed Students) for NEET 2024 — Starting from 22nd June, 2023

**FOUNDATION** — (11th moving students) for NEET 2025 — Starting from 22nd June, 2023

**TEST SERIES** — (12th Passed Students) for NEET 2024 — Starting from 12th July, 2023

NEET-UG Counselling Seminar : 2 July, 2023 at 11:00 A.M., Venue : BIOME, Hinoo Campus

7360066185 / 86 / 87 / 88 / 89 / 90 / 91 / 92

CORPORATE OFFICE : Shivpuri (Kilburn Colony), Opp. Spring City Mall, Hinoo, Ranchi

BRANCH OFFICE : New Nagratoli, Near Women's College, Science Block, Ranchi

www.biomeinstitute.in youtube.com/biomeinstitute facebook.com/biomeinstitute/

LIBRARY SCHOOL HOSTEL TRANSPORT
Managed by third party

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# 2024 में राम मंदिर ही होगा भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी हथियार

## ■ राम मंदिर आस्था-विश्वास-धैर्य-निश्चय-मान और अभिमान का प्रतीक है

## ■ उद्घाटन होते ही बदल जायेगी चुनावी हवा, 500 वर्षों की तपस्या का प्रतिफल होगा भव्य राम मंदिर

## ■ यहां मुकाबला सॉफ्ट या हार्ड हिंदुत्व का नहीं, करोड़ों भारतीयों के विश्वास का है

**आजाद सिपाही विशेष**

**देश में लोकसभा चुनाव को लेकर हर राजनीतिक दल अपना-अपना एजेंडा सेट करने में जुटा हुआ है। लगभग सभी दलों के एजेंडों में एक एजेंडा कॉमन है। वह है धार्मिक एजेंडा। यह एक ऐसा मुद्दा है, जो लोगों के मूलभूत मुद्दों को भी पछाड़ देता है। भारत जैसे देश में लोग रोटी, कपड़ा और मकान के बिना गुजारा कर लेंगे, लेकिन धर्म के बिना उनकी गाड़ी खिसक ही नहीं सकती। धर्म एक ऐसी चीज है, जो एक इंसान को एक पूरे समूह से जोड़ती है। किसी भी राज्य के चुनाव में अक्सर यह देखा गया है कि बिना जातीय समीकरण फिट किये कोई भी पार्टी चुनाव नहीं जीतती। चुनाव से पहले विकास मुद्दा होता है, लेकिन वोट का बटन दबाते वक्त जाति बीच में आ ही जाती है और ठीक वहीं विकास या अन्य मुद्दे धराशायी हो जाते हैं। यहां पर फ्री वाली स्कीम भी काम करती है। कौन सी पार्टी क्या फ्री में दे रही है, वह भी बड़ा मायने रखती है। कुछ पार्टियों की दुकान तो इसी से दौड़ रही है। लेकिन भारतीय राजनीति में बात जब धर्म की आती है, तो दो धर्मों के इर्द-गिर्द देश की राजनीति घूमने लगती है। हिंदू और मुस्लिम, क्योंकि क्रिश्चियन का वोट फिक्स है। उन्हें पता है किसे वोट करना है। उनका अपना एजेंडा है। अपने मुद्दे हैं। उनके एजेंडे में शायद भाजपा फिट नहीं बैठती। बैठती तो मुसलमानों के एजेंडे में भी नहीं है। वैसे देखा गया है कि मुस्लिम वोट बैंक कई पार्टियों के लिए वरदान साबित हुए हैं, जिसमें कांग्रेस प्रमुख रूप से शामिल है। शुरुआती दौर से कांग्रेस पार्टी को मुसलमानों का भरपूर साथ मिला। इनकी बदौलत कांग्रेस सबसे ज्यादा वर्षों तक सत्ता में भी रही, लेकिन आज भी मुस्लिम समाज विकास की बाट जोह रहा है। इससे तो यही साबित होता है कि भारतीय राजनीति में उनका सिर्फ इतेमाल होता रहा है। नंबर बढ़ाने में आसानी होती है। रही बात भाजपा की, तो उसका एजेंडा क्लीयर कट है। बात जब हिंदुत्व की होती है, तो भाजपा उसमें कोई इफ-बट नहीं करती। कांग्रेस भले सॉफ्ट हिंदुत्व का चोला ओढ़ लेती है, लेकिन उसका रंग भगवा नहीं होता। मिलावट दिखाई पड़ ही जाती है। भाजपा के पास दो ऐसे नेता हैं, जब बात हिंदुत्व की आती है, तब उनसे बड़ा हिंदुत्व का चेहरा और कोई नहीं दिखाई पड़ता। एक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरे हिंदुत्व के ब्रांड एंबेसडर और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। भाजपा की केंद्र सरकार ने देश की जनता के लिए रोटी, कपड़ा और मकान का बंदोबस्त तो कर दिया है, साथ ही अब देश के करोड़ों हिंदुओं की आस्था के प्रतीक राम मंदिर का भी भव्य निर्माण तेज कर दिया है। भाजपा के बड़े नेताओं ने यह संकेत भी दे दिया है कि 2024 के जनवरी महीने में भव्य राम मंदिर का उद्घाटन हो जायेगा। यह महज राम मंदिर का उद्घाटन नहीं होगा, यह भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा हथियार होगा, क्योंकि राम हिंदुओं की आत्मा में बसते हैं। अगर किसी पार्टी को जरा भी लग रहा है कि राम मंदिर और हिंदुत्व का मुद्दा 2024 के लोकसभा चुनाव में कोई असर नहीं डालेगा, तो यह उनकी भूल है। आखिर क्यों राम मंदिर का महत्व लोकसभा चुनाव में हावी रहेगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



### शुरुआत बाबर से करते हैं

बाबर के विषय में यह प्रामाणिक तथ्य है कि वह खानवा के युद्ध में मिली सफलता से उत्साहित होकर 1527 ई. के मार्च महीने के अंत में अवध की ओर बढ़ा था। उसने अवध के निकट जाकर पड़ाव डाल दिया था। बाबर को राम मंदिर के बारे में जानकारी तो थी, लेकिन यहां पर उसे कुछ ऐसे धर्मांध मुसलमान मिले, जो राम जन्मभूमि पर खड़े मंदिर को तुड़वा कर वहां मस्जिद बनवाना चाहते थे। इसका कारण यह था कि राम को भारत में राष्ट्र का पर्यायवाची माना जाता था। राम भारत के रोम-रोम में बसते थे। राम इस देश की आत्मा थे और मुस्लिम फकीर यह जानते थे कि यदि राम को भारत से निकाल दिया जाये, तो भारत को गुलाम बनाने में देर नही लगेगी। उनका धर्म परिवर्तन का मिशन भी तेज हो जायेगा। भारत मुस्लिम राष्ट्र हो जायेगा। इसलिए उन लोगों ने बाबर को इस बात के लिए प्रेरित किया कि राम जन्मभूमि पर खड़े मंदिर को यथाशीघ्र नष्ट कर दे। हुआ भी ऐसा ही। करोड़ों हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया। हिंदुओं के राम मंदिर को तोड़ दिया गया। बाबर ने अपने फरमान में लिखाः शहंशाहे हिंद मालिकूल जहां बादशाह बाबर के हुकुम से हजरत जलालशाह के हुकुम के बमुजिब अयोध्या में राम की जन्मभूमि को मिसमार करके उसी जगह उसी के मसाले से मस्जिद तामीर कर दी जाये। बजरिये इस हुकुमनामे के तुमको बतौर इत्तिला के आगाह किया जाता है कि हिंदुस्तान के किसी भी गैर सूबे से कोई हिंदू अयोध्या न जाने पाये। जिस शख्स पर यह शुबहा हो कि वह अयोध्या जाना चाहता है, तो उसे फौरन गिरफ्तार करके दाखिले जिंदा कर दिया जाये। हुक्म सख्ती से तामील हो फर्ज समझ कर। शाही मुहर।

### 1528 से ही राम मंदिर के लिए आंदोलन शुरू हो गया था

बाबर ने मंदिर तो तोड़ दिया, लेकिन हिंदुओं की आत्मा से राम को नहीं निकाल पाया। कहते हैं कि जब राम मंदिर की जगह मस्जिद का निर्माण हो रहा था, तब जितना भी निर्माण कार्य दिन में होता, रात में उसे राम को माननेवाले ढाह देते थे। लेकिन फिर भी वहां मस्जिद का निर्माण हुआ। 1528 में बाबर द्वारा अयोध्या में श्री राम मंदिर तोड़ कर निर्माण की गयी मस्जिद के विरोध में हिंदुओं का आंदोलन आरंभ हो गया था। इन पांच सौ वर्षों में अब तक हिंदुओं ने मंदिर की मुक्ति के लिए कोई 76 युद्ध लड़े और कई आंदोलन भी हुए। लाखों राम भक्त बलिदान हो गये। 1990 में कार सेवकों की मौत को भला कौन भूल सकता है। उस वक्त मुलायम सिंह यादव की सरकार थी, यह भी कौन भूल सकता है। अनगिनत राम भक्तों के बलिदान के कारण ही आज अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बन रहा है। राम मंदिर राम लला के सर पर सिर्फ छत मात्र नहीं होगी, करोड़ों हिंदुओं की आस्था को एक साथ संजो कर रखेगा राम मंदिर। पांच सौ वर्षों की पीड़ा को शांत करेगा राम मंदिर। जब जनवरी में राम मंदिर का उद्घाटन हो जायेगा, तब देश का माहौल अलग ही रहेगा। देश राममय हो जायेगा। और इसका सीधा फायदा भाजपा को ही मिलेगा, क्योंकि लड़ाई तो लड़ी है भाजपा ने ही।

जब राम मंदिर का भूमि पूजन हो रहा था, तब योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि भाव-विभोर कर देनेवाली इस बेला की प्रतीक्षा में पांच शताब्दियां व्यतीत हो गयीं। दर्जनों पीढ़ियां अपने आराध्य का मंदिर बनाने की अधूरी कामना लिये भावपूर्ण सजल नेत्रों के साथ ही इस धराधाम से परमधाम में लीन हो गयीं, किंतु प्रतीक्षा और संघर्ष का क्रम सतत जारी रहा। राम जन्मभूमि मुक्ति के लिए पिछले पांच सौ वर्षों में लाखों हिंदू धर्मावलंबियों का बलिदान और इस आंदोलन में अपना जीवन होम कर देनेवालों का योगदान व्यर्थ नहीं गया।

### जनवरी में बदल जायेगी देश की फिजां

एक तरफ राम नगरी अयोध्या में जहां भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, तो वहीं दूसरी ओर रामनगरी को सजाने-संवारने और आध्यात्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने का काम भी दिन-रात किया जा रहा है। जैसे ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह एलान किया था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण जनवरी 2024 तक पूरा हो जायेगा और लोगों के दर्शनों के लिए खुल जायेगा, देश का विपक्ष हिल गया। विपक्ष एकता की दुहाई देने लगा। विपक्ष के पास वैसे भी कोई मुद्दा नहीं था, तो उसने राम मंदिर को ही मुद्दा बनाना शुरू कर दिया। राम मंदिर निर्माण को लेकर ही बयानबाजी शुरू कर दी। भाजपा का राम मंदिर मुद्दे से डायरेक्ट जुड़ाव विपक्ष को खल रहा है।

विपक्ष को सिर्फ और सिर्फ मोदी को हटाना है और चार-पांच लोगों को प्रधानमंत्री बनाना है। जैसे ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, नीतीश कुमार, केसीआर और युवा नेता राहुल गांधी। अमित शाह की इस घोषणा ने देश की सियासत में उबाल इसलिए भी ला दिया है, क्योंकि मंदिर के उद्घाटन की टाइमिंग महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसी साल अप्रैल-मई में लोकसभा के चुनाव होने हैं। जाहिर है कि अमित शाह के एलान के बाद विपक्षी दलों की यह आशंका और ज्यादा मजबूत हो गयी है कि 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा हिंदुत्व का कार्ड खेल कर लड़ना चाहती है। भाजपा हिंदुत्व के मुद्दे पर पीछे भी नहीं हटती। उसका एजेंडा स्पष्ट रहता है। कन्फ्यूजन में विपक्ष रहता है, क्योंकि उसे अन्य धर्म के लोगों को भी खुश रखना होता है। देखा जाये तो विपक्ष के पास धार्मिक और मोदी को छोड़ कोई मुद्दा ही नहीं है। विकास का मुद्दा तो केवल बहलाने के लिए है। वैसे उनकी भी सरकार में विकास ही मुद्दा होता था।

सबको पता है कि भारतीय राजनीति में विकास का मुद्दा उस हाथी के दांत के समान है, जो केवल दिखाने के काम में आता है, असलियत से उसका कोई वास्ता नहीं होता। वैसे मोदी सरकार ने अपने नौ सालों में विकास कार्य तो तेज किया है और लापता हुआ विकास अब दिखता भी है। देखा जाये तो राम मंदिर का उद्घाटन पीएम मोदी का मास्टर स्ट्रोक है।

सब जानते हैं कि अयोध्या में बन रहा भव्य राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है और उसके बनते ही लाखों लोग उसकी झलक पाने और दर्शन के लिए अयोध्या की तरफ कूच करेंगे। जाहिर है कि मोदी सरकार इसका सियासी फायदा लेने का कोई भी मौका नहीं छोड़ने वाली है, और छोड़े भी क्यों। भाजपा का राम मंदिर का मुद्दा शुरुआती दौर से रहा है। उसका संघर्ष भी राम मंदिर के लिए हमेशा दिखाई पड़ा। राम मंदिर को हलके में लेना विपक्ष के लिए आत्मघाती होगा। राम मंदिर मुद्दे पर विपक्षी नेताओं के बयानों से उनकी बौखलाहट साफ झलकती है, लेकिन शायद उन्हें यह अहसास नहीं कि उनकी ऐसी बातों से आखिरकार भाजपा को ही फायदा होनेवाला है। वैसे अंदर से सबको पता है कि राम मंदिर के मुद्दे पर भाजपा से वे पार नहीं पा सकते, लेकिन राजनीति करनी है, तो बयानबाजी तो करनी ही पड़ेगी।

इसलिए 2024 के आम चुनाव में राम मंदिर भाजपा का ब्रह्मास्त्र बनेगा और इससे बचने के लिए विपक्ष अभी से जुगत में लगा हुआ है। लेकिन पीएम मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के संकल्प के आगे यह जुगत कोई काम नहीं आयेगी, यह सभी जानते हैं। देश के सामने अन्य तमाम मुद्दे राम मंदिर के सामने इसलिए गौण हो जायेंगे, क्योंकि भारतीय जन मानस एक पल के लिए रोटी-कपड़ा-मकान से ध्यान हटा सकता है, लेकिन धर्म उसके लिए प्राणवायु है। यही प्राणवायु भाजपा के लिए संजीवनी का काम भी करेगी।

---

# सीएम हेमंत सोरेन ने महिला तीरंदाज दीप्ति को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को झारखंड की प्रतिभावान तीरंदाज और जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप-2020 की ओवरऑल चैंपियन दीप्ति कुमारी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने दीप्ति कुमारी को आर्थिक सहायता के रूप में दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन आर्थिक तंगी से कई खिलाड़ी आगे नहीं आ पाते हैं। ऐसे में सरकार प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव मदद और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे अपने प्रदर्शन से झारखंड और देश का नाम दुनिया में रोशन कर सकें। इस सिलसिले में झारखंड खेल नीति बनायी गयी है, जिसके जरिए खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने दीप्ति को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर भी मौजूद थे।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिलीं मिसेज इंडिया अपराजिता सिन्हा



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड की विजेता डॉ अपराजिता सिन्हा ने माता-पिता के संग औपचारिक मुलाकात की। डॉ अपराजिता ने इस प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता के अनुभवों को मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। मुख्यमंत्री ने मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड का खिताब हासिल करने के लिए उन्हें बधाई दी और सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने डॉ अपराजिता से कहा कि इस प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता का खिताब जीतकर आपने पूरी दुनिया में झारखंड और देश का नाम रोशन किया है।

# कांग्रेस अध्यक्ष को खूंटी आने का न्योता राजनीतिक हालात पर भी हुई चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष कालीचरण मुंडा एवं वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से नयी दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। सर्वप्रथम कर्नाटक चुनाव की प्रचंड जीत पर बधाई देते हुए कालीचरण मुंडा ने कांग्रेस अध्यक्ष को खूंटी आने का न्योता दिया एवं झारखंड राज्य में चल रही राजनैतिक हालात पर चर्चा की।

श्री खड़गे ने बातों को काफी सकारात्मक रूप में लिया एवं कालीचरण मुंडा के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए भरोसा दिलाया कि वह जल्द ही भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थली खूंटी आयेंगे। दोनों नेताओं ने राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी बताया एवं यह भरोसा दिलाया की आने वाले समय में लोकसभा में कांग्रेस पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी और हम झारखंड राज्य से ज्यादा से ज्यादा सांसद जीता कर दिल्ली भेजेंगे।

# अभिनेत्री अमीषा पटेल ने सिविल कोर्ट में किया सरेंडर, मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अभिनेत्री अमीषा पटेल ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया। उसके बाद उन्हें जमानत मिल गयी। उन पर चेक बाउंस, धोखाधड़ी और धमकी देने से संबंधित मामला चल रहा है। सूचना के मुताबिक पहले वह नहीं आनेवाली थीं, लेकिन रांची आकर उन्होंने सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उन्होंने रांची सिविल कोर्ट के सिविल जज सीनियर डिवीजन डीएन शुक्ला की कोर्ट में सरेंडर किया। कोर्ट ने उन्हें दस-दस हजार के दो बेल बांड पर जमानत दे दी है। बता दें कि अप्रैल महीने में हुई सुनवाई के दौरान उन्हें समन जारी कर कोर्ट में हाजिर होने को कहा गया था, पर वह हाजिर नहीं हुई थीं। उसके बाद रांची सिविल कोर्ट से वारंट जारी किया गया था।

**क्या है पूरा मामला :** यह मामला साल 2018 का है। झारखंड रांची के रहनेवाले फिल्म निर्माता अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमीषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल ने उनके साथ धोखाधड़ी की थी। अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल के खिलाफ चेक बाउंस, धोखाधड़ी और धमकी देने का आरोप लगाया है। इसी मामले में अमीषा पटेल को उपस्थित होने के लिए समन जारी हुआ था। लेकिन कई बार समन के बावजूद वह अदालत में खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं हो रही थीं।

**सीजेएम कोर्ट में दायर हुआ था केस :** रांची के अरगोड़ा के रहनेवाले अजय कुमार सिंह ने यह केस 17 नवंबर 2018 को रांची सीजेएम कोर्ट में दायर किया था। उसमें आरोप लगाया है कि म्यूजिक मेकिंग के नाम पर अमीषा पटेल ने उनसे ढाई करोड़ रुपये लिये थे। पैसे लेने के बाद भी उन्होंने म्यूजिक मेकिंग की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। साथ ही अमीषा पटेल पर फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह से ढाई करोड़ रुपये ऐंठने का भी आरोप लगा है। दोनों के बीच जो कांट्रैक्ट हुआ था, उसके अनुसार जब फिल्म जून 2018 में रिलीज नहीं हुई तो अजय ने अमीषा से पैसे की मांग की। काफी टालमटोल के बाद अक्तूबर 2018 में ढाई करोड़ और 50 लाख रुप्ये के दो चेक दिये, जो बाउंस हो गये। इसके बाद अजय सिंह ने रांची सिविल कोर्ट में मुकदमा किया है।

www.epaper.azadsipahi.in

18 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 238



आदिपुरुष के खिलाफ दिल्ली हाइकोर्ट में अपील, लोगों ने बैन की मांग की




# गढ़वा के मझिआंव में सीओ की टीम पर ग्रामीणों का हमला, दो घायल

- बगैर पुलिस सुरक्षा के दो ग्रामीणों के साथ बालू उठाव रोकने पहुंचे थे सीओ
- चार नामजद और 40 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दायर, एक गिरफ्तार

अमित कुमार

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला के मझिआंव थाना क्षेत्र के बुढ़ीखांड़ गांव में बांकी नदी से अवैध बालू उठाव की सूचना पर छापेमारी करने पहुंचे सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमले में सीओ के साथ गये दो लोग घायल हो गये, जबकि सीओ खुद बाल-बाल बच गये। सीओ बगैर पुलिस सुरक्षा के छापामारी करने पहुंचे थे। इस सवाल पर रामजी प्रसाद ने कहा कि पुलिस को सूचना दे कर कभी भी छापेमारी के लिए नहीं जाउंगा।

**सुबह चार बजे छापामारी करने पहुंचे :** प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध बालू उठाव और परिवहन की सूचना पर सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता दो ग्रामीणों को लेकर शनिवार सुबह चार बजे छापेमारी करने पहुंचे। उन्होंने छापेमारी की सूचना पुलिस को नहीं दी। उसी क्रम में बांकी नदी से भीस (बालू युक्त मिट्टी) लेकर जा रहे ट्रैक्टर का सीओ ने पीछा किया। सीओ को पीछा करता देख ट्रैक्टर चालक ने रास्ते में ही भीस गिरा दिया और फरार हो गया। उसी दौरान कुछ लोगों ने सीओ और उनके साथ गये ग्रामीणों पर हमला कर दिया। हमले में सीओ तो बच गये, पर उनके साथ गये पुरहे गांव के दो चालक आशीष ठाकुर (22) और रितेश ठाकुर (25) घायल हो गये। ग्रामीणों का आरोप था कि बालू उठाव और परिवहन के लिए नदी में ट्रैक्टर की भीड़ लगी थी। उन्हें न पकड़कर भीस लेकर जा रहे ट्रैक्टर को पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया गया।

**अस्पताल में कराया गया भर्ती :** ग्रामीणों के हमले में सीओ बच गये, लेकिन उनके साथ गये दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए आशीष को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों युवकों ने बताया कि उन्हें सीओ अक्सर साथ ले जाते थे। ट्रैक्टर पकड़ाने के बाद दोनों ही उसे थाना तक लाते थे।

**चार नामजद और 40 अज्ञात पर मामला दर्ज :** घटना के बाद सीओ ने थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामले में सीओ के आवेदन पर बुढ़ीखांड़ गांव निवासी बब्बन यादव सहित चार नामजद तथा 30- 40 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने बबन यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।





## बगैर पुलिस के ही आगे भी करेंगे छापामारी : सीओ

एक सवाल के जवाब में सीओ ने बताया कि वह पुलिस को बिना सूचना दिये ही छापेमारी करने आगे भी जायेंगे। वह छापेमारी की सूचना पुलिस को हरगिज नहीं देंगे। मालूम हो कि 27 जुलाई 2022 के अलावा पिछले चार अप्रैल को भी वह बगैर पुलिस को सूचना दिये छापेमारी करने गये थे। उन्होंने कहा कि आशीष मेरा नौकर है। हम जहां चाहें, उसे ले जा सकते हैं। थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहा कि छापामारी के दौरान अंचल पदाधिकारी की ओर से किसी तरह की सूचना नहीं दी गयी थी।

# बंगाल में हिंसा : तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार की पीट-पीट कर हत्या

- कांग्रेस पर लगा हत्या का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन के बाद भी हिंसा का दौर जारी है। इसी क्रम में चुनाव से पहले शनिवार को मालदा जिले के कालियाचक इलाके में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक उम्मीदवार की कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। मृतक का नाम मुस्तफा शेख बताया गया है। वह सुजापुर ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान भी थे। इस बार भी उन्होंने नामांकन दाखिल किया था। उधर, तृणमूल ने इस घटना के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि कांग्रेस ने आरोपों को खारिज किया है। गौरतलब है कि आठ जून को पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से विभिन्न जिलों में हुई हिंसा में अब तक छह लोगों की जानें जा चुकी है। इससे पहले दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में गुरुवार को हुई हिंसा में तीन राजनीतिक कार्यकर्ताओं की मौत हो गयी थी।

**बदमाशों ने लाठी और रॉड से किया हमला :** जानकारी के मुताबिक कालियाचक थाना अंतर्गत सुजापुर गांव में दोपहर डेढ़ बजे मुस्तफा शेख जब साइकिल से घर लौट रहे थे, तभी उन पर बदमाशों ने बांस, लाठी और रॉड से हमला किया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**तृणमूल समर्थकों ने किया प्रदर्शन :** हत्या की खबर सामने आते ही तृणमूल समर्थकों ने मालदा में राष्ट्रीय राजमार्ग 34 को अवरुद्ध कर जमकर प्रदर्शन किया। वहीं, स्थानीय तृणमूल विधायक और राज्य सरकार में मंत्री सबीना यास्मीन ने दावा किया कि इस हत्या के पीछे कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में कई उपद्रवियों को टिकट नहीं मिलने पर वे तृणमूल छोड़कर कांग्रेस में चले गये। उन्हीं लोगों ने मुस्तफा की हत्या की है। उन्होंने चुनाव आयोग से भी इसकी शिकायत की है। हालांकि कांग्रेस ने दावा किया कि इस घटना में उनकी पार्टी का कोई शामिल नहीं है।



## कूचबिहार में केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक के काफिले पर हमला

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** बंगाल में एक बार फिर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की घटनाएं सामने आयी हैं। मामला कूचबिहार के बीडीओ कार्यालय का है, जहां साहेबगंज बीडीओ कार्यालय में नामांकन पत्रों की जांच के दौरान तृणमूल और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गयी। केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक के काफिले पर शनिवार को कूचबिहार जिले में हमला किया गया। प्रमाणिक के काफिले पर दिनहाटा इलाके में यह दूसरी बार हमला हुआ है। पहली घटना 25 फरवरी को हुई थी। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया है कि शनिवार दोपहर जब उनका काफिला दिनहाटा से गुजर रहा था, तभी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने काफिले पर हमला किया। इस हमले में भाजपा के कुछ कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्होंने कहा कि पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े होते हैं, क्योंकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने रहे। हालांकि, दिनहाटा से तृणमूल कांग्रेस के विधायक और राज्य के मंत्री उदयन गुहा ने प्रमाणिक के आरोपों को खारिज दिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री पर ही क्षेत्र में हिंसा भड़काने का आरोप लगाया।

## युगांडा के स्कूल में आतंकी हमला 40 लोगों की मौत

**कंपाला।** युगांडा के एक स्कूल में क्रक्र से जुड़े संगठन आइएसआइएस के आंतकियों ने हमला कर दिया। एडीएफ के मुताबिक इसमें 40 लोगों की मौत हो गई, वहीं कई लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। हमले के बाद आतंकियों ने स्कूल में आग लगा दी। इसमें डॉरमेट्री जल गयी वहीं आतंकियों ने फूड स्टोर को लूट लिया। युगांडा में पिछले 25 साल में किसी स्कूल पर हुआ ये सबसे बड़ा हमला है। ये अटैक युगांडा के एलाइड डेमोक्रैटिक फोर्सेस ने म्पोंडवे के लुबिरिरा सेकेंडरी स्कूल में किया। इसके अलावा आतंकियों ने 6 लोगों को किडनैप भी किया है। घटना शुक्रवार रात 11 बजे की है। स्कूल युगांडा और कॉन्गो बॉर्डर पर स्थित है। हमला करने के बाद आतंकी कॉन्गो भाग गए। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 8 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले में 20-25 आतंकी शामिल थे। आशंका है कि सभी आतंकी कॉन्गो के विरुंगा नेशनल पार्क में छिपे हो सकते हैं।

## सिक्किम में फंसे 3500 टूरिस्ट को सेना ने बचाया

**गंगटोक ।** उत्तरी सिक्किम के चुंगथांग में शुक्रवार को लैंडस्लाइड और बारिश के कारण सड़क बह गयी। इससे वहां फंसे करीब 3,500 टूरिस्ट्स को भारतीय सेना ने बचा लिया है। इनमें कुछ कॉलेज स्टूड्ेटस भी शामिल हैं। शुक्रवार को लाचेन, लाचुंग और चुंगथांग घाटियों में भारी बारिश हुई। सड़क संपर्क बहाल करने के प्रयास जारी हैं, जबकि टूरिस्ट्स को निकालने का काम जारी रहेगा। त्रिशक्ति कोर, भारतीय सेना और सीमा सड़क संगठन के जवानों ने कार्रवाई की और भारी बारिश और खराब मौसम में टूरिस्ट्स को बचाने के लिए फ्लैश फ्लड वाली जगह पर एक अस्थायी क्रॉसिंग बनाने के लिए रात भर काम किया।

# सहायक अध्यापक उतरे सड़क पर, सीएमओ से मिला आश्वासन

- विनय चौबे से वार्ता के बाद शांत हुए
- जा रहे थे सीएम आवास घेरने, पुलिस ने रोक दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शनिवार को राज्य के हजारों सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) राजधानी की सड़कों पर दिखे। मोरहाबादी मैदान में महाजुटान के बाद ये शिक्षक जैसे ही मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए रवाना हुए, पुलिस के द्वारा उन्हें जबरन रोक दिया गया। चिलचिलाती धूप में सहायक अध्यापक बैरेकेटिंग के पास डटे रहे। बाद में सीएमओ की तरफ से उन्हें वार्ता के लिए बुलाया गया। मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे से बातचीत के बाद मामला शांत हुआ। सहायक अध्यापक वेतनमान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेरने पहुंचे थे। उन्होंने सरकार पर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया। मोरहाबादी स्थित गुरुजी शिबू सोरेन आवास के निकट पुलिस के द्वारा लगायी गयी बैरिकेटिंग के समीप इस चिलचिलाती धूप में खड़े इन सहायक अध्यापकों का हौसला कम होता नहीं दिखा। अपनी मांगों के समर्थन में सड़क पर उतरे इन सहायक अध्यापकों ने इस दौरान सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

बता दें कि राज्य भर में 62 हजार 896 सहायक अध्यापक हैं, जो पूर्व में पारा शिक्षक कहलाते थे। तत्कालीन शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के प्रयास से राज्य सरकार द्वारा बनायी गयी सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 को पिछले वर्ष लागू किया गया। उसके बाद राज्य के पारा शिक्षक सहायक अध्यापक कहलाने लगे। सरकार ने जब नियमावली बनाकर इन्हें पारा शिक्षक से सहायक अध्यापक का नामांकरण कर 60 वर्षों का सेवाकाल निर्धारित किया था। उस समय ये शिक्षक भी उत्साहित थे। मगर कुछ दिनों के बाद ही ये सहायक अध्यापक मानदेय की वजाय पुरानी मांग वेतनमान को लेकर आंदोलन करने लगे, तो सरकार के लिए मुसीबत बन गयी है। आंदोलन के दौरान सहायक अध्यापकों को मुख्यमंत्री कार्यालय से वार्ता के लिए बुलावा आया। इसके बाद एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय दूबे के नेतृत्व में शिक्षकों के 11 सदस्यीय शिष्टमंडल ने सीएम के सचिव विनय चौबे से मिलकर अपनी बात रखी। आंदोलनरत सहायक अध्यापकों ने वेतनमान के अलावा इपीएफ, अनुकंपा का लाभ, आकलन परीक्षा का आयोजन जल्द से जल्द कर सहायक अध्यापकों को वेतन वृद्धि देने, अप्रशिक्षित को प्रशिक्षित करने के लिए एक मौका और देने, जेटेट सहायक अध्यापकों की तरह सीटेट को भी मान्यता सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में देकर इसे संशोधित करने की मांग रखी। सीएमओ की तरफ से उन्हें मांग पर विचार करने का आश्वासन मिला।



# मणिपुर में सुरक्षाबलों पर फायरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंफाल।** मणिपुर में तीन मई से जारी हिंसा अब भी जारी है। शुक्रवार देर रात पांच बड़ी अलग-अलग घटनाएं हुईं। इंफाल पश्चिम के इरिंगबाम थाने पर सैकड़ों लोगों की भीड़ ने हथियार लूटने की कोशिश की, हालांकि सुरक्षाबलों ने उन्हें खदेड़ दिया। इस दौरान भीड़ की ओर से फायरिंग भी की गयी। दूसरी घटना में भीड़ ने भाजपा के एक विधायक विश्वजीत के घर में आग लगाने की कोशिश की। इसे मणिपुर रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने नाकाम कर दिया। तीसरी घटना खोंगमन और सिंजेमाई की है। दोनों जगहों पर भीड़ ने भाजपा कार्यालय पर हमला किया। हालांकि सेना के जवानों ने भीड़ को भगा दिया। चौथी घटना राजधानी इंफाल के पोरमपेट की है। भीड़ ने शुक्रवार देर रात भाजपा की महिला अध्यक्ष शारदा देवी के घर में तोड़फोड़ की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने युवकों को खदेड़ दिया। पांचवीं घटना राजधानी इंफाल के पैलेस कंपाउंड की है। यहां करीब एक हजार लोगों की भीड़ कंपाउंड को जलाने के लिए आयी, लेकिन रैफ के जवानों ने आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलायीं, जिसके बाद भीड़ वहां से हटी।





### केंद्रीय मंत्री ने सुनाया पुराना किस्सा और कहा, मुझे भाजपा की विचारधारा पर पूरा भरोसा

# कांग्रेस में जाने की बजाय कुएं में कूद जाऊंगा: नितिन गडकरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शनिवार को महाराष्ट्र के भंडारा में थे। वह केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गडकरी ने एक पुराना किस्सा सुनाया। गडकरी ने दिवंगत कांग्रेस नेता श्रीकांत जिचकर की सलाह को याद करते हुए कहा कि एक बार उन्होंने मुझसे कहा था कि आप अच्छे पार्टी कार्यकर्ता और नेता हैं। अगर आप कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो आपका भविष्य उज्ज्वल होगा। मैंने उनसे कहा कि मैं कांग्रेस में शामिल होने की बजाय कुएं में कूद जाऊंगा। मुझे भाजपा और उसकी विचारधारा पर पूरा भरोसा है। मैं अपनी पार्टी के लिए आजीवन काम करता रहूंगा।



**हमारी सरकार ने कांग्रेस के मुकाबले दोगुना काम किया :** गडकरी ने दावा किया कि देश में भाजपा सरकार ने पिछले नौ सालों में कांग्रेस के 60 सालों के शासन की तुलना में दोगुना काम किया है। उन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि आरएसएस के छात्र संघ एबीवीपी ने शुरुआती दिनों में मेरी मदद की। संगठन ने मेरे जीवन में कई वैल्यू और सिद्धांत जोड़े।

**कांग्रेस ने व्यक्तिगत लाभ के अलावा कुछ नहीं किया :** गडकरी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 60 सालों के शासन में गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन व्यक्तिगत लाभ के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए पीएम मोदी के अप्रोच की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। उन्होंने कुछ दिन पहले किये गये अपने उत्तर प्रदेश के दौरे का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, मैंने यूपी के लोगों से 2024 के अंत तक सड़कें अमेरिका जैसी करने की बात कही है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 18 जून, 2023
www.azadsipahi.in


## जयनगर प्रखंड के तीन गांव आयुष ग्राम घोषित हुए



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जयनगर के प्रभारी और होम्योपैथी फिजीशियन डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि जयनगर प्रखंड के 3 गांव को आयुष ग्राम घोषित किया गया है। जिसमें इरगोबाद, शमार्टांड, तरवन शामिल है। साथ ही आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जयनगर में भी 10 जून से लगातार प्रातः 5:30 से योग कराया जा रहा है। तरवन में बड़े पैमाने पर 21 जून को योग कराया जायेगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि 21 जून को तरवन में प्रातः 5 बजे आकर योग से स्वास्थ्य लाभ उठाएं।

## दीदी नीलम आनंद की 18वीं पुण्यतिथि का आयोजन





**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शिव चर्चा के प्रेरणा स्रोत साहब हरिंद्रानंद की पत्नी दीदी नीलम आनंद की 18वीं पुण्यतिथि कोडरमा जिला के शहर सहाना गार्डन में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जागरण भजन और हर भोला हर भोला भजन के साथ स्थानीय बहन अनीता कुमारी, रेनू देवी, ललिता देवी, राखी और अन्य के द्वारा किया गया। सुरेश पंडित ने कहा कि यह एक आध्यात्मिक कार्यक्रम है। मंच संचालन करते हुए दिनेश कुमार ने बताया कि शिव शिष्यता की फूल खिलाने का काम राजमणि दीदी नीलम आनंद ने किया। आज दीदी नीलम आनंद की 18 वीं पुण्यतिथि है। दीदी नीलम आनंद इस कालखंड की प्रथम शिव शिष्य थी, जिसकी परिकल्पना हम जैसे मानव नहीं लगा सकते हैं। सभी जनमानस को शिव के गुरु स्वरूप से जोड़ने के लिए तत्पर वरेण्य गुरु भ्राता साहब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पथरीले और कटीले रास्ता को तय किया और हमारे जीवन को नई दिशा प्रदान किया। रामानुज सिंह ने कहा कि दीदी का आशीर्वाद वचन हम सभी गुरु भाई-बहनों के साथ है। इसके अतिरिक्त उपस्थित गुरु भाई बहनों के द्वारा कार्यक्रम में भजन गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में शंकर दयाल पांडे, मुन्ना यादव, राखी सिन्हा, नीलम एवं अन्य ने भी अपनी बातों को रखा। इस कार्यक्रम में जिला के सभी प्रखंड से हजारों की संख्या में शिव के शिष्य उपस्थित हुए होकर दीदी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

## स्कूटी अनियंत्रित होने से युवक घायल

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड शीतल छाया होटल के समीप शनिवार को स्कूटी अनियंत्रित होने से स्कूटी सवार एक व्यक्ति गिरकर घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। घायल व्यक्ति की पहचान गिरिडीह के सरिया निवासी नरेश कुमार (उम्र 32 वर्ष, पिता वासुदेव यादव) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार स्कूटी से तिलैया बाइपास जा रहे थे, शीतल छाया के पास गिर जाने से वह घायल हो गए। आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## फांसी लगा कर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को कोडरमा थाना अंतर्गत बरसोतियाबर के पास फांसी लगाकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर लिया। मृतक की पहचान विनय पाण्डेय (उम्र 55 वर्ष पिता स्वर्गीय परमेश्वर पांडेय) के रूप में की गयी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात घर में पति पत्नी झगड़ा के बाद अपने घर के बाहर एक पेड़ मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

## डोमचांच पुलिस ने अपराधी को किया गिरफ्तार

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निदेर्शानुसार जिले भर के सभी थाना क्षेत्र में वारंटी व अपराधियों की गिरफ्तारी की कयावाद तेज हो गई है। इसी क्रम में डोमचांच थाना कांड संख्या 133/22 के प्राथमिकी अभियुक्त रवि कुमार मेहता (उम्र करीब 36 वर्ष, पिता हरिलाल मेहता उर्फ गुर्जर मेहता, ग्राम नावाडीह) को गिरफ्तार किया गया। चिकित्सीय जांच पश्चात न्यायालय कोडरमा में उपस्थापन हेतु भेजने के उपरांत कोडरमा जेल भेज दिया गया।

## भाजपा के कार्यक्रम को लेकर बैठक




**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत और डोमचांच प्रखंड के वरिष्ठ कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को मेहता भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आगामी 19 जून दिन सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय महाजनसंपर्क अभियान के तहत केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मेलन के कार्यक्रम की तैयारी हेतु बने कोर कमेटी के संयोजक देवेंद्र कुमार मेहता ने की। विदित हो उक्त कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी मुख्य रूप से उपस्थित होंगी। बैठक में वीरेंद्र कुमार मेहता, शिवलाल सिंह, महेंद्र यादव, राजेश सिंह, परमेश्वर यादव, सुनील कुमार सिन्हा, भरत नारायण मेहता, विनय कुमार मोदी, प्रभाकर लाल रावत, मुकेश कुमार, महेश वर्मा, सुरेंद्र यादव, भागवत खटीक, साधु यादव, शिशिर सिंह सहित दर्जनों प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन को सफल करने के लिए सभी प्रमुख कार्यकर्तागण, अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर डोमचांच नगर के सभी 14 वार्डों में तथा डोमचांच प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का सघन दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलायेंगे।

## पांच आरा मशीनों में वन विभाग ने की छापेमारी

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव वन क्षेत्र के ग्राम नापोखुर्द में अवैध आरा मशीनों के विरुद्ध वन विभाग द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। हजारीबाग सहायक वन संरक्षक एके परमार के दिशा निर्देश में बड़कागांव वन विभाग के रेंजर कमलेश मिश्रा नेतृत्व में वन विभाग के पुलिस ने पांच अवैध आरा मशीनों पर छापामारी की गयी। जिसमें से दर्जनों अवैध सामग्रियां जब्त की गयी। वन विभाग की पुलिस ने इन पांच अवैध आरा मशीनों से 7 गाड़ी किमती लकड़ी का बोटा तथा लकड़ी का पटरा बरामद किया। तत्पश्चात वन पुलिस ने बड़कागांव वन परिसर मे ले आयी। छापामारी करवाई में मुख्य रूप से वनरक्षी भोला साहू ,केशव महतो, मनोरंजन कुमार, संतु कुमार, चंदन सिंह, अजय यादव, कृष्णा प्रसाद, विनोद बेसरा, के अलावे हजारीबाग वन क्षेत्र, बड़कागांव वन क्षेत्र, बरही वन क्षेत्र, चौपारण वन क्षेत्र के टीम शामिल थी।

## पूर्व विधायक ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चंदवारा पूर्वी पंचायत के बजरंगबली चौक से मंगला हाट बाजार (शिव मंदिर) तक पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की उपस्थिति मे सियरकोनी मे भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा की तैयारी हेतु जनसंपर्क अभियान चलाया गया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने जनसंपर्क के दौरान लोगों से कहा कि भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा में सभी की भागीदारी जरूरी है। हिंदू धर्म में जगन्नाथ पुरी को मुक्ति का द्वार भी कहा जाता है। ऐसा भी कहा जाता है कि जो व्यक्ति इस रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान के रथ को खींचते है उसे 100 यज्ञ करने के फल मिलता है। पुराणों के अनुसार, आषाढ़ मास से पुरी तीर्थ में स्नान करने से सभी तीर्थों के दर्शन करने जितना पुण्य मिलता है। मौके पर भाजपा नेता प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, महामंत्री नन्दकिशोर सोनी, युवा नेता अमिताभ कुमार सिंह, लालो साव, मो अमानत अली, मो इस्साक, रामजी मोदी समेत कई लोग मौजूद थे।

### अडाणी फॉउंडेशन ने शुरू किया मुफ्त नेत्र जांच शिविर

# आंखों की हुई जांच, दवा भी दी गयी

**गांवों में लगाए जायेंगे दस जांच शिविर, जागरुकता रथ रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फॉउंडेशन ने शनिवार को हरली स्थित पंचायत भवन में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चों के आंखों की जांच की गयी। इस मौके पर हजारीबाग के नेत्र चिकित्सक परिमल पीयूष ने ग्रामीणों को आवश्यक परामर्श दिए। अब इन मरीजों को अगले शिविर में मुफ्त चश्मा प्रदान किया जायेगा। आने वाले महीनों में अदाणी फॉउंडेशन की ओर से विभिन्न गावों में कुल दस मुफ्त नेत्र शिविर लगाए जायेंगे और डॉक्टर की सलाह पर मरीजों को आवश्यक दवाईयां और चश्मा निशुल्क प्रदान किया जायेगा।



**ग्रामीणों ने जागरूकता रथ को रवाना**

इससे पहले इस शिविर के प्रचार-प्रसार को लेकर एक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ ग्रामीणों को आने वाले दिनों में लगने वाले मुफ्त शिविर की जानकारी देगा। इस अवसर पर गाली, गोंदलपुरा और बलोदर के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे। ग्रामीणों ने कि अदाणी फॉउंडेशन अपने अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार ग्रामीणों को मदद पहुंचा रही है, जो स्वागतयोग्य है।

कार्यक्रम के अवसर पर खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, उप महाप्रबंधक संजय कुमार, सेवानिवृत डीएसपी सूर्यकुमार सिंह, वरीय प्रबंधक भीखम सिंह और सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता आदि मौजूद थे।

**लगातार जारी है सामाजिक दायित्वों का निर्वहन**

अपने सामाजिक दायित्वों के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से जनहित के विभिन्न कार्य लगातार किए जा रहे हैं। अभी हाल ही में 70 टीबी ने नए मरीजों को फॉउंडेशन ने गोद लिया है और उन्हें पोषण किट उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे पहले गोद लिए गए 60 टीबी मरीजों में से अधिकतर स्वस्थ हो चुके हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भी अडाणी फॉउंडेशन ने बड़ी संख्या में पौधरोपण किया और इस भीषण गर्मी में आम लोगों के लिए तीन प्याऊ केंद्रों का भी सञ्चालन किया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी लगातार जनहित के कार्य जारी रहेंगे।

### कैलाश राय में प्रांत स्तरीय कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता शुरू

# पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी: डॉ नीरा यादव

गौतम पाल

**कोडरमा।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या विकास समिति की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 34 वां प्रांत स्तरीय कबड्डी एवं खो खो प्रतियोगिता शुरू हुई। विद्यालय मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक डॉ नीरा यादव, विद्या विकास समिति के उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री राम अवतार नारसरिया व प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी आदि ने संयुक्त रूप से किया। प्रतिस्पर्धा में शामिल प्रांत के 24 जिलों के विद्या मंदिर के लगभग 650 भैया बहन शामिल हुए। समारोह के पूर्व प्रतिस्पर्धा में शामिल अतिथियों को विद्यालय के भैया बहनों द्वारा आकर्षक बैंड की धुन पर समारोह स्थल तक ले जाया गया। समारोह का संचालन विद्यालय के आचार्य ने किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये बतौर मुख्य विधायक नीरा यादव ने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा भैया बहनों के लिए पठन-पाठन के साथ-साथ खेलकूद भी काफी जरूरी है ऐसे आयोजनों से छात्रों में खेल भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों के भैया बहनों से खेल के प्रति अपना रुचि बरकरार रखने के लिए प्रेरित किया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहां की भैया बहने अपने बेहतर प्रदर्शन से क्षेत्रीय व अखिल भारत स्तर पर अपने अपने विद्यालय के साथ-साथ अपना भी नाम रोशन कर सकते हैं। मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह, सचिव अनुराग सिंह, कुंज बिहारी त्रिवेदी, प्रोफेसर कैलाश राणा, खेलकूद प्रतियोगिता के संरक्षक एस मंडल, शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यक्ष रामरतन महर्षि प्राचार्य रमेश कुमार उपाध्याय सहित कई गणमान्य व विद्यालय आचार्यगण मौजूद थे।








# हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**गोरहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने दस दिनों के अंदर युवक के हत्या का किया खुलासा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** गोरहर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दस दिनों के अंदर युवक की हत्या का उद्भेदन किया। इस बाबत गोरहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि 07 जून की रात को एक युवक श्याम सुंदर मरांडी पिता चरका मरांडी ग्राम बड़की टांड की हत्या बंडासिंगा इचाक मार्ग स्थित बाराडीह मोड़ के समीप किया गया था। जिसके पश्चात मृतक के पिता चरका मरांडी के द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू किया। गोरहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि जांच के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि 07 जून को गोरहर थाना के ग्राम बडकीटांड के चार लड़के एक मोटरसाईकिल से शादी मे शामिल होने ग्राम डुमरडीहा थाना बरकट्ठा पहूंचे। वहीं पर चारों लड़कों में से एक बुन्दीलाल हेम्बर्म ग्राम डुमरडीहा की एक लड़की जिसे वह काफी दिनों से जानता था घटना रात को उस लड़की से मिलने के लिए शादी स्थल से कुछ दूरी पर जंगल में गया था। तभी वहां लड़की का चचेरा भाई पहुंच गया। उसके भाई को देखते ही बुन्दीलाल वहां से भाग गया और अपने दो साथी श्याम सुंदर मरांडी और सुरेन्द्र से संपर्क कर मोटरसाईकिल मंगवाया और खुद उस मोटरसाईकिल को चलाने लगा। इस दौरान बीच में सुरेन्द्र एवं सबसे पीछे श्याम सुन्दर बैठ गया। लड़की का चचेरा भाई शिबू बास्के पिता रामेश्वर बास्के ग्राम डुमरडीहा निवासी अपने साथी कृष्णा हेम्बर्म पिता सीताराम हेम्बर्म ग्राम बाराडीह निवासी के साथ एक मोटरसाईकिल से बुंदीलाल हेम्ब्रम का पीछा करने लगा लड़की के भाई के हाथ में एक टांगी था। बाराडीह के समीप लड़की के चचेरे भाई ने बुन्दीलाल हेम्ब्रम के मोटरसाईकल में सबसे पीछे बैठे श्याम सुंदर मरांडी के सिर में टांगी से जोर से मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया जिससे श्याम सुन्दर सड़क पर गिर गया तथा उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। जांच के क्रम में केस का उद्भेदन करते हुए दोनों प्राथमिकी अभियुक्तो शिबू बास्के पिता रामेश्वर बास्के ग्राम डुमरडीहा निवासी और कृष्णा हेम्बर्म पिता सीताराम हेम्बर्म ग्राम बाराडीह निवासी ने अपने-अपने अपराध को स्वीकार किया। तत्पश्चात दोनों प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेजा गया।

# कंपनी और प्रभावित रैयतों की बैठक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** देश की अग्रणी सरकारी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी के नॉर्थ-वेस्ट प्रॉजेक्ट एरिया के तहत आने वाले प्रभावित गांवों के लोगों के साथ लगातार बैठक हो रही है इसी के तहत गुरुवार को जबरा के ग्रामीणों के साथ बैठक की गयी इस बैठक में पुरुष के साथ महिलाओं ने भी बढ चढ़कर हिस्सा लिया व इस बैठक में ग्रामीणों के साथ कट ऑफ तारीख, रोजगार और आर एंड आर पॉलिसी पर चर्चा हुई एनटीपीसी की तरफ से इस बैठक में एजीएम पंकज देहानी और सुशांत कुणाल शामिल हुए और ग्रामीणों को एनटीपीसी के पॉलिसी से अवगत करायो बैठक में जबरा गांव से सुखदेव साव, रेवा साव, मनोज कुमार, टेकन साव, छेदी साव, सिकंदर शामिल हुये इसके अलावा महिलाओं में बसंती देवी, दीपा कुमारी, दसनी देवी, कुंती देवी, देवंती देवी, बेंदिया देवी और मोहिनी देवी शामिल हुई और अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखा एनटीपीसी की एमडीओ त्रिवेणी सैनिक माईनिंग प्राइवेट लिमिटेड की ओर से भगवान झा, अरविंद कुमार देव, दिलीप कुमार और गौतम मिश्र शामिल हुए और ग्रामीणों के पक्ष को सुना और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।



### प्रगतिशील मगही समाज की हुई बैठक

# जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन की बनी रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रगतिशील मगही समाज की बैठक केंद्रीय पंच शाखा सचिव देवकी प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सचिव धनंजय कुमार ने किया। देवकी प्रसाद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्राउटिस्ट सर्व समाज के तत्वधान में भारतवर्ष के 44 जन गोष्ठी आधारित समाज के लोग धरना में भाग लेंगे। हमें राज्य नहीं समाज चाहिए समाज से देश में खुशहाली आयेगी। राज्य का बंटवारा राजनीतिक षड्यंत्र के तहत किया गया है इसके विरोध में धरना दिया जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए युवा सचिव मनोज मेहता ने कहा कि कृषि को उद्योग का दर्जा दिलाने के लिए आगामी 25 सितंबर को जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। इसके लिए हजारीबाग के लोगों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में धरना में भाग लेकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने का काम करें। केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रमोद ने जोर देते हुए कहा कि स्थानीय संसाधनों पर रोजगार सृजन कर स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाए खनिज संपदा हमारा, राज तुम्हारा नहीं चलेगा। जिला पंच शाखा सचिव कुलेश्वर यादव ने कहा कि धरना को सफल बनाने के लिए हजारीबाग जिले के सभी प्रखंडों में बैठक कर लोगों को जागरूक किया जायेगा। संगठन सचिव बालेश्वर मेहता, डॉ सुरेश समेत कई वक्ताओं ने बैठक को संबोधित किया। बैठक को सफल बनाने में पदमा प्रखंड सचिव राजू रजक, सदर प्रखंड सचिव सुरेश मेहता, बजरंगी शर्मा आदि का योगदान रहा।



## जिप सदस्य ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करगालो पंचायत के कोंड़रा गढ़ा में विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने 63 केवी के ट्रांसफर्मर का उद्घाटन किया। इस सम्बंध में बताया गया कि जैसे ही जिप सदस्य शेख तैयब को पता चला की करगालो के कोंडरागढ़ा में पांच दिन पहले ही ट्रांसफर्मर जल गया हैं और यहा के लोग अंधेरे में है और चिलचिलाती गर्मी में अपना जीवन व्यतीत कर रहें हैं उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारीयों से बात करके दो दिन के अंदर ट्रांसफर्मर उपलब्ध करवाया। जिससे गांव के लोगों के चेहरे में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और अंधेरा दूर हुआ तथा ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए दिल से आभार व्यक्त किया। जिप सदस्य शेख तैयब ने फीता काटकर ट्रांसफर्मर का विधिवत उद्घाटन किया मौके पर हरिचंद्र प्रजापति, अशोक महतो, लाखो साव, रामेश्वर साव और जोधन साव, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर घर बनाने के खिलाफ दिया आवेदन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के डुमर गांव के लोगों ने अतिक्रमण कर घर बनाने को लेकर अंचल अधिकारी को एक आवेदन दिया है। ग्रामिणों ने आवेदन में लिखा है कि गांव के डीलो ठाकुर के द्वारा आम रास्ता पर अतिक्रमण कर घर बना रहा जिससे लोगो को आने जाने में परेशानी होगी। पंचायत के मुखिया के द्वारा भी मना करने पर नही मान रहा है। अंचल अधिकारी से ग्रामिणों ने मांग किया कि जमीन को नापी कर घर बनाने का आदेश दिया जाय। आवेदन में पंसस शांति शर्मा और वार्ड सदस्य रिंकी कुमारी का हस्ताक्षर है। वही ग्रामिणों में नीतु कुमारी, जगनी देवी, मनोज प्रजापति, ललिता देवी, सुलेखा देवी, एतवरिया देवी, रेखा कुमारी, रंजित प्रजापति, ठाकुर प्रजापति, माथुर ठाकुर, बबीता देवी, दशरथ प्रजापति, मनोज, अनिल राणा, प्रकाश प्रजापति, मिथुन प्रजापति, सेवा प्रजापति, शंकर प्रजापति, महेश शर्मा का हस्ताक्षर है। वही इसका प्रतिलिपी प्रमुख और थाना प्रभारी को दिया गया है।

## पुल के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने का आरोप



**दारू/ हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू प्रखंड क्षेत्र के दारू खैरिका और गड्या को जोड़ने वाली गड्या कोनार नदी पर करोड़ो की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है। इस पूल के निर्माण में घटिया सामाग्री और मिट्टी मिले बालू के प्रयोग का आरोप लगाकर गड्या और अंबादोहर के ग्रामीणों ने काम पर रोकने की बात कही। इस बात का इस पूल का निर्माण करा रहे ठीकेदार पर ग्रामीणों का विरोध और आपत्ति को दरकिनार कर निर्माण कार्य जारी रखा जिससे ग्रामीण काफी आक्रोशित नजर आये। इस बारे में ग्रामीणों का कहना है अभी पूल की बुनियाद का काम चल रहा है जिसमे अत्यंत निम्न स्तर की सामग्री और मिट्टी मिले हुए घटिया बालू का प्रयोग किया जिसे बर्दास्त नही किया जाएगा।आसपास के गांव के कुछ ग्रामीण युवा कार्य स्थल पर पहुंचकर खराब गुणवत्ता का कार्य करने का आरोप लगाते हुए कार्य रोकने को कहा हालांकि उनकी इस बात का सेवंदक पर कोई असर नही हुआ और उसने निर्माण कार्य जारी रखा। ग्रामीणों का कहना है कि ठीकेदार द्वारा कार्य स्थल पर रखे गए लोग उन्हें धमकी दे रहे है कि निर्माण कार्य का विरोध करने पर उन लोगों को झूठे केस में फंसा दिया जायेगा। इस पूल निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग करने का आरोप पूर्व में भी लगता रहा है फिर निर्माण कार्य बेधड़क लगातार किया जा रहा हैं।

## आजसू पार्टी का स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी की स्थापना दिवस मनाने को लेकर गुरुचट्टी स्थित कार्यालय में आजसू पार्टी कि बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा और संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। बैठक में मुख्य निर्णय लिया गया कि 22 जून को आजसू पार्टी की स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में विधानसभा क्षेत्र स्तरीय पतरातू मे मनाया जायेगा। जिसमे बड़कागॉव प्रखंड से समस्त कार्यकर्त्ता भाग लेंगे। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि आजसू पार्टी की स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में पूरे प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में मनाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता का कल्याण आजसू पार्टी ही कर सकती है। विस्थापितों को हक अधिकार, रोजगार, दिलाने और भूख भय, भ्रष्टार्चार आजसू ही कर सकती हैं। प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ने कहा कि विकास के लिए और सुरक्षा, भूख मिटने, विस्थापितों के हक अधिकार दिलाने के लिए हम कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर काम करना होगा। मौके पर संतोष कुमार सिन्हा, राजेश महतो, वीरेंद्र यादव, वीरेंद्र कुमार महतो, बुटन करमाली, नागेश्वर तुरी, नारायण प्रसाद, सुनील कुमार, राथो गंझू, आदि उपस्थित थे।

## ट्रक के धक्के से व्यक्ति की मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग विष्णुगढ़ सड़क मार्ग स्थित भेलवारा के पास ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह दस बजे की बतायी गयी है। जानकारी के मुताबिक प्रखंड अंतर्गत बक्सपुरा पिंटू पासवान और मोहन पासवान, दोनो अपनी टीवीएस लूना जेएच 02 बीएल 8264 से मत्स्य विभाग कार्यालय हजारीबाग जा रहे थे। इसी बीच भेलवारा के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रक वाहन संख्या जेएच 13इ 3517 ने सामने से जोरदार धक्का मार दिया। जिससे टीवीएस लूना चला रहे पिंटू पासवान सड़क के कुछ दूर में जा गिरा और उसके पीछे बैठे मोहन पासवान को सड़क पर रौंदेते हुए ट्रक वाहन ऊपर से निकल गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वही 32 वर्षीय पिंटू पासवान को हल्की-फुल्की चोटें आयी हैं। इस घटना की जानकारी आसपास के ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गयी जिसके बाद पुलिस बल घटनास्थल पहुंचकर शव और ट्रक वाहन को कब्जे में ले लिया है। वही मौके से ट्रक चालक घटना के बाद भागने में सफल रहा। शव को विष्णुगढ़ पुलिस ने अंतपरीक्षण के लिए हजारीबाग सदर हॉस्पिटल भेज दिया है।

## हितेश रंजन को किया गया सम्मानित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी सह भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य, स्वच्छता स्वास्थ्य और पर्यावरण समिति के मीडिया प्रभारी हितेश रंजन को उनके सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वर्थी वेलनेस फाउंडेशन ने राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया है। संस्था ने राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार के ई - सर्टिफिकेट, ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। संस्था ने ये सब चीजें पोस्ट के द्वारा उनके आवास पर भेजा है। हितेश रंजन बहुत सालों से समाज के हर क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देते आ रहे हैं, जो की हजारीबाग के युवाओं के लिए यूथ आइकन बनकर उभरे हैं। हितेश रंजन ने संस्था के फाउंडर मानसी वाजपेई सहित सभी पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया है। हितेश रंजन को पुरस्कृत होने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजित चंद्रवंशी, युवा समाजसेवी सह भाजयुमो जिला मंत्री शैलेश कुमार चंद्रवंशी, अरुण वर्मा, मेहुल खंडेलवाल, विजय ठाकुर, मणिकांत पोदार, बिटू राज, मोहित कुमार, अतिशय जैन आदि लोगों के द्वारा बधाई और शुभकामनाएं दी गयी।

## हर पंचायत में कम से कम एक प्रज्ञा केंद्र खोलें : डीसी



**रामगढ़ में चल रही विकास योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा, दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** ज़िले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर शनिवार को डीसी माधवी मिश्रा ने समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक की। बैठक में पंचायतों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त में ग्रामीणों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक प्रज्ञा केंद्र संचालित करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने पंचायत भवन में विद्युत आपूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत शत-प्रतिशत योग्य बच्चियों/युवतियों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत प्राप्त आवंटन के आलोक में सभी योग्य बच्चों को लाभ देने का निर्देश दिया। वहीं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रभारी पदाधिकारी सामाजिक सुरक्षा शाखा को पुनः सर्वे करवाते हुए जिले के प्रत्येक योग्य लाभुक को पेंशन योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने दिव्यांग पेंशन पर विशेष ध्यान देते हुए योजनाबद्ध तरीके से दिव्यांगों को पेंशन योजना का लाभ देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन को दिव्यांगों को प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु आयोजित किए जाने वाले शिविर के दौरान प्रभारी पदाधिकारी सामाजिक सुरक्षा शाखा से समन्वय करते हुए दिव्यांग पेंशन का लाभ देने का निर्देश दिया।

## योग अभ्यास का किया आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू बाजार स्थित है सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में शनिवार को छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए योग का अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवती कई आसनों और प्राणायाम के आयामों की विषय में जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य उपेंद्र पांडेय ने बताया कि आने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर इस अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया।

### आजाद सिपाही में छपी खबर का डीटीओ ने लिया संज्ञान

# साइन बोर्ड लगी गाड़ियों पर रोक लगाने को डीएसपी को भेजा पत्र

**नियम में संशोधन का कराया बोध**

**परिवहन विभाग की अधिसूचना का दिया है हवाला, खबर की कतरन भी भेजी**

बीरू कुमार

**रामगढ़।** वाहन में लाल साइन बोर्ड लगाकर घूम रहे है डीएसपी साहब के शीर्षक के साथ प्रमुखता से आजाद सिपाही में छपी खबर का असर हुआ है। मामले में जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद ने संज्ञान लिया है। संबंधित पदाधिकारी को पत्र भेजा है। साथ ही नियम में हुए संसोधन का भी बोध कराया है। पत्र के साथ आजाद सिपाही में छपी अखबार का कतरन के साथ अधिसूचना भी पदाधिकारी को भेजा है।

**नियम विरुद्ध है लाल बोर्ड लगाना, पत्र में स्पष्ट**




इधर आजाद सिपाही अखबार में छपी खबर के बाद शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मामले को काफी गंभीरता से लिया। उन्होंने तत्काल एक पत्र प्रेषित संबंधित पदाधिकारी को बताया कि नियम में संशोधन हुआ है। इसके तहत आपको वाहन में लाल साइन बोर्ड लगाकर नहीं चलना है। डीटीओ ने पत्रांक संख्या 157 में लिखा है कि झारखंड सरकार परिवहन विभाग रांची के अधिसूचना संख्या 306/2012-285 तारीख 10 मार्च 2021 के द्वारा सरकारी वाहनों के आगे लगने वाले सूचक बोर्ड या पट्ट के नियमों को संशोधित कर नये नियम लागू किए गये है। इसी के आलोक में 16 जून 2023 को दैनिक समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित किया गया। जिसका कतरन पत्र के साथ संलग्न कर अग्रेतर कार्यवाई के लिए प्रेषित किया जा रहा है।

**चर्चा में रही खबर, संविधान सबके लिए बराबर**

इधर आजाद सिपाही में छपी खबर के बाद लाल बोर्ड लगाकर घूमने वाले पदाधिकारी दिनभर परेशान दिखे। उनके कई लोग आजाद सिपाही के जिला ब्यूरो चीफ से संपर्क कर आगे कुछ भी नहीं छापने का आग्रह किया है। हालांकि उन्हें कहा गया कि मेरे द्वारा केवल सच दिखाया गया है। खबर के पीछे कोई कहानी नहीं है। खबर केवल सच दिखाने के लिए प्रकाशित किया गया है। क्योंकि आम लोगों को थोड़ी सी गलती पर चलान काट दिया जा रहा है। इस लिए संविधान सबके लिए बराबर है। कानून का दायरे में सबको रहना है।

## कुजू क्षेत्र के समर्थकों ने नये जीएम और एसओपी से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** जनता मजदूर संघ के सीसीएल कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो के नेतृत्व में शनिवार को संघ के समर्थकों ने सीसीएल कुजू क्षेत्र के नव पदस्थापित जीएम नीरज कुमार सिन्हा और एसओपी गिरीश चंद्र से शिष्टाचार मुलाकात किया। संघ के समर्थकों ने बुके भेंट कर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान जीएम नीरज सिन्हा से क्षेत्र के बंद पड़ी विभिन्न परियोजनाओं को चालू कराने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए अविलंब पहल करने की बात कही। जिस जीएम ने यथाशीघ्र पहल कर चालू कराने का आश्वासन दिया। वही, संघ ने भी सीसीएल प्रबंधन को हर वक्त सहयोग करने का आश्वासन दिया। इधर, एसओपी गिरीशचंद्र को समर्थकों ने बुके भेंट किया। भेंट वार्ता के दौरान सचिव जगदीश महतो ने विभिन्न परियोजनाओं में पदास्थापित मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने की बात कही। साथ ही, मजदूरों के फरवरी माह 2021 का 13 का दिन हाजरी भुगतान करने की मांग की। साथ ही मजदूरों का आवास भत्ता, एचआरए, कम्युटि हॉल की मांग की गयी। वही, हर संभव प्रबंधन को सहयोग करने का आश्वासन दिया। स्वागत करने वालो में क्षेत्रिय अध्यक्ष उमेश साव, नंदकिशोर प्रसाद, ललन यादव, धनेश्वर महतो, राज कुमार महतो, तरुण कुमार रंजन, श्रवण कुमार, ब्रह्मदेव राम, तालो मांझी, मेघलाल मंडल, आफताब, राज कुमार दास, रोशनलाल महतो, रोहण महतो शामिल रहे।

## झारखंड मेडिकल स्टोर का अधिवक्ता ने किया उद्घाटन



**मेडिकल खुलने से आमलोगों को मिलेगी राहत: द्वारिका प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सदर अस्पताल के समीप शनिवार को झारखण्ड मेडिकल स्टोर का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने संचालक को सुभकामनाए देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में एक अच्छे मेडिकल स्टोर की आवश्यकता थी। जो आज पूरा हो गया । मेडिकल स्टोर के खुलने से अगल बगल एवं दूर दराज के मरीजों को राहत मिलेगी। मेडिकल के संचालक गौतम कुमार महतो ने कहा हम 24 घंटे सभी ग्राहकों को सेवा देने का काम करेंगे। मौके पर अधिवक्ता कुलदीप महतो, अधिवक्ता कृष्णा चौधरी, अधिवक्ता अभिषेक कुमार, नीरज महतो, विकास कुमार महतो, अविनाश, अनुराग, प्रवीण रजक, महेश यादव, देवाशीष कुमार, उपेन्द्र, भास्कर, खिरू, पंकज कुमार, रूपेश, अमित कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## मत्स्यजीवी समिति को बंदोबस्ती मिली



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिला मत्स्य पदाधिकारी रामगढ़ द्वारा मां तारा मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड दुलमी को प्रखण्ड के सभी जलकरों का वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक की अवधि के लिए दुलमी अंचल के लिए औपबंधिक अल्पकालीन बंदोवस्ती मिलने पर मत्स्यजीवी समिति ने हर्ष जाहिर किया। और ज्यादा से ज्यादा मत्स्य कृषकों को समिति में सदस्यों को जोड़कर आर्थिक स्थिति में सुधार करने का निर्णय लिया। विगत कई वर्षों से मत्स्य कृषक आर्थिक स्थिति से जूझ रहे थे मां तारा मत्स्यजीवी समिति को बंदोबस्ती मिलने पर मत्स्य कृषकों में काफी हर्ष है। समिति के अध्यक्ष बालकृष्ण ओहदार, सचिव अर्जुन महतो, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल ने मत्स्य कृषकों को हर समस्या का निदान करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, कृषक रवि महतो, जीवनाथ महतो, राजकिशोर महतो, रविन्द्र कुमार, राहुल महतो, निरंजन महतो, दिलीप महतो, पंकज महतो, सीडी महतो आदि ने बधाई दी।


## बाहानगा बजार (बालासोर) रेल दुर्घटना में हताहतों के सभी रिश्तेदारों/निकट संबंधियों के लिए सूचना

भारतीय रेल हाल ही में बाहानगा बजार, जिला बालासोर (ओडिशा) में 02.06.2023 को 12841 शालीमार-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और 12864 एसएमवीबी हावड़ा एक्सप्रेस में हुई रेल दुर्घटना के हताहतों के रिश्तेदारों/निकट संबंधियों से आग्रह करती है कि वे आगे आएं और अभी तक अज्ञात हताहतों के साथ अपनी पहचान एवं संबंध सुनिश्चित करने के लिए डीएनए के नमूने दें।

स्थान
अकादमी ब्लॉक (कमेटी रूम),
AIIMS, भुवनेश्वर

कृपया निम्नलिखित रेलवे कर्मियों से संपर्क करें

**139**
**रेल-मदद नंबर**

श्री दिगंबर पाढ़ी, सहायक कार्मिक अधिकारी,
मोबाइल – 8455887604

श्री बिश्वनाथ पाढ़ी, सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक,
मोबाइल – 8455885967

श्री बी. तपन कुमार, जन संपर्क अधिकारी,
मोबाइल – 8455885040

श्री विकास कुमार, जन संपर्क अधिकारी,
मोबाइल – 8455885041

भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर सहायता हेतु : 0674 - 2534027

पूर्व तट रेलवे कंट्रोल रूम, भुवनेश्वर पर सहायता हेतु : 8455885999

खोरधा रोड स्टेशन पर सहायता हेतु : 8455887999

भारतीय रेल

(PR-300)




## आजाद सिपाही के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

दाधानि DVC

## डीवीसी के द्वारा किए गए कार्य :

- प्रभावित गांवों में निरंतर आधारभूत संरचना निर्माण, सामाजिक आर्थिक उन्नयन कार्य
- जिला प्रशासन द्वारा चिह्नित विद्यालयों को
- वर्ष 2020 के लिए वितीय पोषण
- महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं कौशल विकास हेतु सिलाई कढाई प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत
- पर्यावरण संरक्षण हेतु फलदार पौधों का वितरण
- मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन
- खेलकूद प्रोत्साहन के लिए खेल सामग्री का वितरण
- गांवों में चलंत चिकित्सा वाहन द्वारा स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था
- सरकारी विद्यालयों में पेजयल सुविधा के लिए वाटर प्यूरिफाइर कुलर की व्यवस्था
- वितीय वर्ष 2023 में आंगनबाडी केंद्रों के सुदृष्ठकरण के लिए जमा आधार पर जिला प्रशासन को 42 लाख रुपये की राशि सौंपी
- जिले के चिह्नित स्थानों पर हाई मास्ट लाईट के लिए साढ़े 22 लाख की वितीय सहायता दी गयी
- केटीपीएस के पोषक क्षेत्र के दो उच्च विद्यालय घंघरी व जयपुर कांको में स्मार्ट क्लासेस की व्यवस्था की गयी



**पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति के तहत वृतिका भुगतान की अधतन स्थिति**

पीएएफएस की संख्या-7410 मासिक वृतिका पाने वालों की संख्या-6213 बॉड हस्ताक्षर हेतु लंबित संचिका- 143 शपथ पत्र के अभव में एक एकड़ से अधिक जमीन वाले पीएएफएस की संख्या : 40 सूची में दोबारा नाम वाले पीएएफएस की संख्या : 126 पीएएफएस द्वारा अब तक अप्राप्त आवेदनों की संख्या : 889



**दिलीप कुमार सिंह**
मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान
केटीपीएस, बांझेडीह, कोडरमा

# तूफान से मुकाबला

आखिर चक्रवाती तूफान बिपरजॉय आकर गुजर गया। साइंस और टेक्नॉलजी के क्षेत्र में प्रगति और मानवीय संकल्प दोनों का कमाल कहिए कि इससे जान-माल के नुकसान को करीब-करीब टाल दिया गया। हालांकि इसके बावजूद दो लोगों की मौत होने और करीब 22 लोगों के घायल होने की सूचना है। इसके अलावा जगह-जगह पेड़ गिरने, बिजली के खंभे गिरने और उसकी वजह से आए व्यवधान की खबरें धीरे-धीरे आ रही हैं। शुक्रवार को हालांकि तूफान कमजोर पड़ते हुए डिप्रेशन में बदल गया, लेकिन इसकी वजह से गुजरात और राजस्थान में भारी बारिश जरूर हुई। वायु और रेल सेवा में जो बाधा पड़ी तूफान के चलते, उसने भी बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया। गुजरात के तटीय क्षेत्रों में 10 से 14 मीटर तक ऊंची लहरें उठीं, उसके अपने नुकसान उन क्षेत्रों में हुए होंगे। उन सबका ब्योरा जुटाया जा रहा है और कुछ दिनों में ऐसे तमाम नुकसानों का ठीक-ठीक अंदाजा लगाया जा सकेगा। लेकिन जिस तरह का यह तूफान था, उसे देखते हुए इन नुकसानों को साइड इफेक्ट की ही श्रेणी में रखा जा सकता है। अरब सागर में बनते और तट की ओर बढ़ते इस तूफान पर शुरू से ही नजर रखी जा रही थी। इसकी लाइफ कुल 10 दिन 12 घंटे की बताई गई। इस कारण इसे हाल के दिनों में आया सबसे लंबा तूफान भी कहा गया। इससे पहले 2019 में आए तूफान क्यार की लाइफ 9 दिन 15 घंटे की थी। बहरहाल, बिपरजॉय की शक्ति और गति के सटीक आकलन के चलते सरकारों को पूर्व तैयारी का मौका मिल गया और युद्धस्तर पर प्रयास करके तटीय क्षेत्रों और निचले इलाकों से करीब 94,000 लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इसके अलावा डिजैस्टर मैनेजमेंट टीमें भी जगह-जगह मुस्तैदी से तैनात रहीं। हालांकि तूफानों के मामले में पूर्व सूचना की बदौलत जान-माल के नुकसान को कम करने के प्रयास पहले भी होते रहे हैं और उनमें कामयाबी भी मिली है। इसके बावजूद बिपरजॉय से बचाव के जो उपाय किए गए, वे तारीफ के काबिल हैं। इतना ही नहीं, इससे मिले सबक आगे भी ऐसी आपदाओं से निपटने में काम आएंगे। सरकार के प्रयासों को इस लिहाज से सफल भी कहा जा सकता है कि जो दो मौतें हुईं वे भी तूफान के लैंडफॉल से पहले की हैं। तूफान के गुजरात तट से टकराने के बाद से इसकी वजह से कोई मौत नहीं हुई। यह भी याद रखना चाहिए कि हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन के कारण मौसमी आपदाएं बढ़ी हैं। जलवायु परिवर्तन के बुरे असर को कम करने के लिए भारत सहित दुनिया के ज्यादातर देशों ने संकल्प लिया है, लेकिन इस दिशा में काम ऐसी रफ्तार से नहीं बढ़ा है, जिससे खुश हुआ जा सके। जरूरत है, विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन कायम करने की। इसके लिए पर्यावरण को लेकर कहीं अधिक सचेत होना होगा और उस दिशा में कोशिशें भी करनी होंगी।

**अरब सागर में बनते और तट की ओर बढ़ते इस तूफान पर शुरू से ही नजर रखी जा रही थी। इसकी लाइफ कुल 10 दिन 12 घंटे की बताई गई। इस कारण इसे हाल के दिनों में आया सबसे लंबा तूफान भी कहा गया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जनजातियां कुकी और नागा में विभाजित हैं और मुख्य रूप से ईसाई हैं। यह ध्यान देने योग्य बात है कि मणिपुर में हिंदुओं और ईसाइयों की संख्या लगभग बराबर है। यह करीब 41 प्रतिशत प्रत्येक के लिए बनती है। मैतेई 2012 से एक जनजाति के रूप में मान्यता की बात कर रहे हैं। उन्हें अन्य पिछड़ी जाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इनमें से कुछ अनुसूचित जाति के हैं।**

# मणिपुर इस समय कहां खड़ा है

हरि जयसिंह



**कुकी और मैतेई के बीच संघर्ष का एक लंबा इतिहास रहा है। दोनों के बीच तनाव बना हुआ है और कोई आसान समाधान नजर नहीं आता। इनके मुद्दों को संबोधित करना महत्वपूर्ण है, जिन्होंने संघर्ष में योगदान दिया है। हालांकि राज्य में हाल की घटनाएं एक अनुस्मारक हैं कि विवादों को बातचीत और समझ के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।**

मणिपुर राज्य एक तरफ रंगीन सभ्यतागत मूल्यों के साथ एक जीवंत राज्य होने की प्रतिष्ठा रखता है। हालांकि परेशान करने वाली बात यह है कि जातीय हिंसा का सिलसिला निरंतर जारी है। मई में हिंसक झड़पें हुईं> पूर्वोत्तर राज्य में व्यवस्था बहाल करने के लिए सेना को बुलाया गया।

**किस वजह से गुस्सा फूटा :** जन-जातीय स्थिति की मांग करने वाले मैतेई (बहु-संख्यक समुदाय) में प्रतिक्रिया दर्ज की गयी। इस समुदाय में आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा शामिल है, जो मात्र 10 प्रतिशत भूमि पर रहता है। यह भूमि विशेष तौर पर इम्फाल घाटी में पड़ती है। यह समुदाय मुख्य रूप से हिंदू है। मणिपुर में 34 मान्यता प्राप्त जनजातियां हैं जिनकी आबादी करीब 35 प्रतिशत है। यह जनजातियां राज्य के लगभग 90 प्रतिशत हिस्से में पहाड़ियों में रहती हैं।

जनजातियां कुकी और नागा में विभाजित हैं और मुख्य रूप से ईसाई हैं। यह ध्यान देने योग्य बात है कि मणिपुर में हिंदुओं और ईसाइयों की संख्या लगभग बराबर है। यह करीब 41 प्रतिशत प्रत्येक के लिए बनती है। मैतेई 2012 से एक जनजाति के रूप में मान्यता की बात कर रहे हैं। उन्हें अन्य पिछड़ी जाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इनमें से कुछ अनुसूचित जाति के हैं।

**मैतेई 2012 से एक जनजाति के रूप में मान्यता की बात कर रहे हैं।**

हालिया हिंसा का उत्प्रेरक 14 अप्रैल को जारी एक अदालत के आदेश के रूप में सामने आया जिसमें न्यायाधीश ने एक याचिका के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसमें मणिपुर उच्च न्यायालय से राज्य सरकार को मैतेई की मांग को स्वीकार करने और उन्हें सूची में शामिल करने का निर्देश देने के लिए कहा गया था। अनुसूचित जनजातियों के फैसले ने राज्य को 4 सप्ताह के भीतर केंद्र को एक सिफारिश प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इस बिंदु पर यह राज्य के कुछ राजनीतिक इतिहास पर जाने लायक है। भारतीय संविधान और पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा निर्धारित सरकार की 1959 की आदिवासी नीति, आदिवासी और स्वदेशी लोगों को विशेष सुरक्षा प्रदान करती है। 1959 की नीति में भूमि और जंगलों में आदिवासियों के अधिकारों की सुरक्षा, आदिवासी क्षेत्र में बाहरी लोगों के हस्तक्षेप न करने, उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं और प्रशासन की मांग की गयी थी। मणिपुर में केवल आदिवासी समुदाय ही पहाड़ियों में जमीन खरीद सकता है। यदि मैतेई को आदिवासी का दर्जा दिया जाता है तो वे भी पहाड़ियों पर विस्तार कर सकते हैं। मणिपुर उच्च न्यायालय में प्रस्तुत एक याचिका में मैतेई जनजाति संघ ने तर्क दिया, 1949 में पूर्व रियासत में भारत में विलय से पहले समुदाय की स्थिति मणिपुर की जनजातियों के बीच एक जनजाति की थी। मणिपुर की जनजातियों को एक जनजाति के रूप में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि उक्त समुदाय को संरक्षित किया जा सके और पैतृक भूमि, परंपरा, संस्कृति और भाषा को बचाया जा सके। मैतेई प्रतिनिधि का यह भी दावा है कि उन्हें पैतृक भूमि तक पहुंच में वंचित किया गया है। भारत में शामिल होने के बाद मैतेई राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र लगभग 9 प्रतिशत सीमित हो गये हैं। उनका भविष्य अनिश्चित है, क्योंकि वे शेष अनुसूचित जनजाति भूमि में बस नहीं सकते हैं। जनजातियों का तर्क सरल है। वे मैतेई की मांग को नौकरी में आरक्षण सुरक्षित करने और पहाड़ियों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के तरीके के रूप में देखते हैं।

राजनीतिक नेतृत्व की बात करें तो 2017 में कांग्रेस का 15 साल का शासन खत्म हो गया और भाजपा राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बन गयी। तब से भाजपा सत्ता में बनी हुई है। 2017 और 2022 दोनों विधानसभा चुनावों में भाजपा की सफलता का श्रेय कांग्रेस की गिरावट के बाद नयी राजनीति को बदलने की जनता की इच्छा, विकास परियोजनाओं के लिए भाजपा की योजना और भ्रष्टाचार को खत्म करने के वायदों को दिया जा सकता है। राज्य की राजनीति को जो उलझाता है वह यह है कि जब से भाजपा सत्ता में आयी है, उसने मैतेई समुदाय के लोगों को अपनी पहचान का दावा करने के लिए प्रोत्साहित किया है। इसे हिंदुत्व के अपने व्यापक एजेंडे में शामिल किया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री बीरेन सिंह पर आदिवासी विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने और आदिवासियों को उनके गांवों से हटाने, राजधानी में गिरजाघरों को तोड़ने और अधिकांश आदिवासी बस्तियों को आरक्षित वनों और झीलों के रूप में वर्गीकृत करने का आरोप लगाया गया है।

कुकी और मैतेई के बीच संघर्ष का एक लंबा इतिहास रहा है। दोनों के बीच तनाव बना हुआ है और कोई आसान समाधान नजर नहीं आता। इनके मुद्दों को संबोधित करना महत्वपूर्ण है, जिन्होंने संघर्ष में योगदान दिया है। हालांकि राज्य में हाल की घटनाएं एक अनुस्मारक हैं कि विवादों को बातचीत और समझ के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। सरकार की तत्काल प्राथमिकता राज्य की कानून व्यवस्था बहाल करना होनी चाहिए। भारत मणिपुर में और अधिक अराजकता बर्दाश्त नहीं कर सकता।


यह देखते हुए कि चीन के अपने शरारती विचार हैं। दिल्ली में अधिकारियों को मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। केंद्र ने विभिन्न जातीय समूहों के बीच शांति प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए राज्यपाल अनुसूइया की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। दिलचस्प बात यह है कि मैतेई और कुकी दोनों समूह इस बात से सहमत हैं कि बातचीत शुरू करने के लिए ड्ढूषहसा बंद होनी चाहिए। उम्मीद है कि अब से मणिपुर शांति के रास्ते पर चलेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गुरमा हाट मैदान में विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित

# सिद्धार्थ नाथ सिंह जमशेदपूर पहुंचेंगे आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सह पश्चिमी प्रयागराज के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह जमशेदपुर पहुंचेंगे। वे भाजपा जमशेदपुर महानगर के विभिन्न कर्यक्रमों में भाग लेंगे। रविवार संध्याकाल में जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा एमजीएम मंडल क्षेत्र के गुरमा हाट मैदान में होने वाले जनसभा की सफलता को लेकर भाजपा ने व्यापक तैयारी की है। वहीं भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा उनके आगमन से लेकर प्रस्थान तक का कार्यक्रम जारी किया। सुबह 10:30 बजे डोबो पुल के रास्ते शहर में प्रवेश करते ही उनका मरीन ड्राइव पर भाजपा कार्यकर्ता द्वारा स्वागत किया जायेगा। इसके बाद 11 बजे भालूबासा स्थित आशीष किशोर संघ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कर्यक्रम का भाजपा कार्यकताओं के संग श्रवण करेंगे। इसके उपरांत संपर्क से समर्थन' अभियान के तहत साकची स्थित एमएनपीएस स्कूल परिसर में उत्तर प्रदेश संघ के कार्यालय में वार्ता, चैंबर भवन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में वरिष्ठ चिकित्सकों से मुलाकात और सोनारी स्थित चित्रगुप्त भवन में कायस्थ समाज के लोगों से मुलाकात कर उनके साथ भोजन करेंगे। संध्याकाल में एमजीएम मंडल क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे स्थित गुरमा हाट मैदान में लोकसभा स्तरीय विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

## कोल्हान के पूर्व आयुक्त ने नेताजी के नाम पर सड़क प्रतिमा स्थापित करने की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कोल्हान के पूर्व आयुक्त विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में नेताजी सुभाष मंच का एक प्रतिनिधिमंडल टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष सतीश कुमार चौधरी से मुलाकात की। रविवार को मुलाकात के दौरान अध्यक्ष के नाम एक मांग पत्र सौप कर जमशेदपुर की एक प्रमुख सड़क का नामकरण नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर करने व शहर के एक चौराहे पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदम कद प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा लौहनगरी के साथ देश के महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का घनिष्ट संबंध रहा है। टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्होंने टाटा के मजदूरों के हित में ऐतिहासिक कार्य किया था। उन्होंने 8 वर्षों तक इस पद पर रहते हुए कभी भी टाटा में हड़ताल नहीं होने दिया। उन्होंने कहा इसको लेकर पूर्व में भी श्री सिंह टाटा प्रबंधन समिति के सदस्यों से वार्ता की है।

### ओल चिकी पढ़ने और प्रचार प्रसार में हर संभव करेंगे मदद : महावीर मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा स्थित माटकू पंचायत के बाघमारा ग्राम में संचालित गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू इतुन आसड़ा के विद्यार्थियों और स्कूल संचालित समितियों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। रविवार को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि झामुमो नेता महावीर मुर्मू उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के द्वारा पाठ्य सामग्री में एलखा बुक, ओल चेमेद बुक, अटेंडेंस रजिस्टर, एडमिशन रजिस्टर, अकाउंट रजिस्टर, ब्लैक बोर्ड, कॉपी ,पेन झाड़ू पोछा व अन्य सामान का वितरण किया गया। मौके पर महावीर मुर्मू ने कहा ओल चिकी प्रचार प्रसार व पढ़ने के लिए हर संभव झामुमो परिवार के द्वारा मदद किया जाएगा। ताकि ओल चिकी लिपि को सिर्फ आदिवासी संथाल समाज के लोग ही नहीं वल्कि अन्य समाज के लोग भी पढ़े।

## ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** इंडस्ट्रियल एरिया में जोस्ट इंडिया ऑटो कॉम्पोनेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 200 सिलाई मशीन का वितरण किया गया। साथ ही लाभुकों को रॉ मैटेरियल्स भी प्रदान किये गये। ताकि महिलाएं अपने पैरों पर खड़े होकर एक सुनिश्चित आय प्राप्त कर सकें। वही सिलाई मशीन मिलने से महिलाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया सहयोग से वे स्वयं व अन्य के लिए रोजगार का सृजन करेंगी। मौके पर सेवानिवृत एलईओ विमोला तिर्की, रापचा पंचायत की मुखिया सुकमति मार्डी, डुमरा पंचायत के मुखिया पियो हांसदा ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने के लिए जोस्ट कंपनी प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने कहा भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कंपनी प्रबंधन अपने सीएसआर फंड का सदुपयोग करेगी। वही कंपनी के फाइनेंस डिप्टी मैनेजर ए श्रीनिवास ने कहा कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की दिशा में हमेशा से प्रयासरत है। महिला सशक्तीकरण के लिए कंपनी प्रबंधन ग्रामीण महिलाओं को हरसंभव मदद मुहैया कराएगी। इस अवसर पर कंपनी के प्लांट हेड अनिंदया सरकार, फाइनेंस हेड ज्योति रंजन भुइयां, प्रबंधक सरोज कुमार प्रहराज, डिप्टी मैनेजर फाइनेंस विशाल वार्ष्णेय, सीनियर इंजीनियर परचेज विपुल कुमार ठाकुर सहित अन्य ने अहम भूमिका निभाई।

## कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को ईचागढ़ प्रखंड के डुमटांढ़ हाट मैदान में प्रखंड स्तरीय कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप के नेतृत में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय शामिल हुए। मौके पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल, युथ कमेटी,पंचायत कमेटी का गठन किया गया। कांग्रेस पार्टी के नव गठित कमेटी के पदाधिकारियों को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा अब जुमले बाज मोदी सरकार की जादु चलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा देश की जनता अब जाग चुकी है। बीते 9 साल में युवाओ का रोजगार व देश मे मंगाई से लोग परेशान है। उन्होंने कार्यकताओं से एकत्रित होकर 2024 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत करने की अपील की।

## राज्यपाल के आगमन को लेकर डीसी ने स्थलों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले मे आगामी 19 जून को राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीसी अरवा राजकमल ने उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, परियोजना निदेशक आईटीडीए संदीप कुमार दोराईबुरु सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। शनिवार को अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, पंचायत भवन इटाकुदर, आंगनवाड़ी केंद्र नावाडीह का निरिक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दी। साथ ही राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारीयों का जायजा लिया। मौके पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिए। निरिक्षण के दौरान डीसी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सरायकेला को अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में राज्यपाल द्वारा किए जाने वाले पौधारोपण, छात्र-छात्राओं से संवाद कार्यक्रम के लिए परियोजना निदेशक आईटीडीए के साथ समन्वय स्थापित कर तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। वही पंचायत भवन इटाकुदर आम जनता के साथ संवाद, विभिन्न योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण एवं योजनाओं के स्थल निरिक्षण के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारी के साथ तालमेल स्थापित कर तैयारियां पूर्ण करने के निदेश दिए। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सरायकेला, प्रखंड विकास पदाधिकारी सरायकेला, अंचलाधिकारी सरायकेला, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला को निदेशित किया गया।

## बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले नौ अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा ।** भंडरा पुलिस ने बीती देर रात बड़ी सफलता प्राप्त की। घटना को अंजाम देने जा रहे नौ युवको को गिरफ्तार कर घटना होने से बचा लिया। भंडरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नवडीहा सेमरा रोड में मुरली तलाब के पास कुछ युवक पिस्टल और चाकू लेकर रंगदारी कर रहा है तथा कुछ लड़का अल्टो गाड़ी नंबर जेएच 01 डीएल 2368 में बैठे हैं सूचना का सत्यापन करने हेतु भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार, एस आई विकास कुमार विश्वकर्मा अपने दल बल के साथ मुरली तलाब पहुचे पुलिस को देख सभी लोग गाड़ी से भागने लगे फिर अल्टो गाड़ी का पीछा करते हुए भंडरा चौक के पास गाड़ी को पकड़ा तथा जांच किया तो गाड़ी में कुल 09 लड़के हथियार के साथ पकड़े गये। पकड़े गये युवको मे शमी अंसारी,उम्र 19वर्ष पिता सहमत अंसारी, अल्ताब अंसारी, उम्र 20वर्ष , पिता असलम अंसारी, मो मौफिल अंसारी, उम्र 21वर्ष पिता केतामुद्दीन छोटू अंसारी,शाकिब अंसारी, उम्र 18वर्ष पिता मकसूद अंसारी, हयान अंसारी,उम्र 20वर्ष पिता असलम अंसारी, रेहान अंसारी, उम्र 19वर्ष पिता इसराफिल अंसारी सभी सिसई बस्ती थाना सिसई जिला गुमला, वही अरमान अंसारी उम्र 18वर्ष पिता मोबत अंसारी सुरसा थाना पूसो जिला गुमला , अयान आलम उम्र 22वर्ष पिता मो खुर्शीद मियां टांगर बसली थाना मांडर जिला रांची और मोहित कुमार ठाकुर उम्र 20वर्ष पिता विजय ठाकुर थाना भंडरा जिला लोहरदगा है गाड़ी से जांच के क्रम में पिस्टल जैसा दिखने वाला हथियार, एक बड़ा साइज का चाकू, दो मोटा बांस का डंडा,और एक हॉकी स्टिक बरामद किया।

भंडरा पुलिस ने थाना काण्ड संख्या 33/2023 धारा 147 /148 /149/ 341/ 323/342/ 307/504 / 506/385 आई पी सी और 25(1)/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा में भेजा गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जायंट्स ग्रुप ने संस्थापक के जन्मदिन पर राहगीरों के बीच सत्तू की लस्सी और गमछा वितरण किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के द्वारा भारतीय मूल की पहली स्वयंसेवी संस्था जायंट्स इंटरनेशनल के संस्थापक पद्मश्री नाना चूड़ासामा के जन्मदिन के अवसर पर जायन्ट्स के वरिष्ठ सदस्य शौकत खान के द्वारा संचालित कपड़ा/सत्तू बैंक में ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता की अध्यक्षता में आम राहगीरों के लिए सत्तू का लस्सी वितरण किया गया एवं उपस्थित महिला पुरुषों के बीच गमछा भी वितरण किया गया। इसके पूर्व जायन्ट्स अंतरराष्ट्रीय के संस्थापक स्वर्गीय नाना चुड़ासमा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया गया एवं केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया। जायन्ट्स के संस्थापक पद्मश्री नाना चूड़ासामा ने 1972 में गरीबों की सेवा के लिए जायन्ट्स ग्रुप की स्थापना मुंबई में की थी। जो अब एक ग्रुप से बढ़कर भारत सहित विश्व के कई देशों में लगभग 700 ग्रुप हो गया है। कार्यक्रम में जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलख नाथ पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एमपी केशरी, स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, यूनिट डायरेक्टर मनोज केशरी रूपा गंजी, दीपक तिवारी, मोजिबुद्दीन खान, मनोज केशरी सन रेडियो, चंदन जायसवाल आदि अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 15 दिनों से शहरी जलापूर्ति ठप होने से नाराज क्षेत्र की जनता ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा नगर मंडल गढ़वा अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में वार्ड नंबर 15, 16, 17 की जनता एवं वार्ड नंबर 15 के प्रतिनिधि सुरेंद्र कश्यप के साथ सभी जनता गढ़वा उपायुक्त को मांग पत्र सौंपने पहुंचे। इस भीषण गर्मी में शहरी पेयजल आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पानी के अभाव में लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। पूर्व में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा को मांग पत्र सौंपा गया। लेकिन कोई हल नहीं निकला। आज गढ़वा उपायुक्त को त्राहिमाम पत्र दिया गया। पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से सभी वार्ड में नहीं हुई तो वार्ड की जनता सड़क पर उतर कर चक्का जाम कर उग्र आंदोलन करने का कार्य करेगी। आज लगभग 15 दिनों से शहरी जलापूर्ति पूरी तरह से ठप है। स्थानीय विधायक पेयजल मंत्री होते हुए भी आम जनता को पानी की व्यवस्था नहीं करा पा रहे हैं। मंत्री जी पूरी तरह से मौन हैं और जनता बेहाल है। स्थानीय विधायक ने नगर परिषद क्षेत्र की जनता को चुनाव के समय लोकलुभावन वादा करके झूठ बोलकर वोट लेने का कार्य किया। चुनाव से पहले मिथिलेश ठाकुर के द्वारा टैंकर से पानी आपूर्ति होती थी। आज चुनाव जीतने के बाद उनके द्वारा पानी आपूर्ति बंद कर दी गयी है। जिससे जनता त्रस्त और त्राहिमाम है, लेकिन जनता का सुध लेने का भी मंत्री को समय नहीं है। आने वाले दिनों में जनता स्थानीय मंत्री को वोट का चोट देकर सबक सिखाने का कार्य करेगी। मौके पर उमेश कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, विनोद सोनी, छोटन सोनी, सोनू प्रसाद, मनीष कश्यप, उपेंद्र हलवाई, राजन सोनी, डिंपल सिंदुरिया, राजू राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### सीओ ने शिव स्थान की अतिक्रमित जमीन की मापी कर सीमांकन कराया

**कांडी (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय कांडी के पड़ोस में स्थित ढबरिया गांव के शिव स्थान की अतिक्रमित जमीन की शनिवार को अंचल अमीन के द्वारा मापी कर सीमांकन कर दिया गया। इस मौके पर कांडी अंचल के अंचल पदाधिकारी अजय कुमार दास भी सशस्त्र बल के साथ उपस्थित थे। मापी करके शिव स्थान की जमीन निकाली गई। इस दौरान अंचल पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। मालूम हो कि ग्रामीणों ने 21 फरवरी 2023 को शिव स्थान की अतिक्रमण की गई भूमि की मापी के लिए अंचल पदाधिकारी को आवेदन दिया था। उस आवेदन के आलोक में 17 जून 2023 को उक्त भूखंड की मापी की गई। मालूम हो कि खाता नंबर 155 एवं प्लॉट नंबर 366 में शिव स्थान के नाम से तीन डिसमिल गैरमजरूआ आम जमीन खतियान में वर्णित है। लेकिन इस जमीन के एक भाग पर ग्रामवासी फखरुद्दीन अंसारी, पिता गफूर अंसारी के द्वारा अतिक्रमण करते हुए एक तरफ झोपड़ी लगाई गई थी और बगल में ईंट आदि निर्माण सामग्री रख दी गई थी। जमीन की मापी करके एक तरफ से 50 कड़ी एवं दूसरी तरफ से 60 कड़ी जमीन नक्शा के अनुसार अंचल अमीन के द्वारा निकाल कर सीमांकन कर दिया गया, जो तीन डिसमिल होता है। मापी के बाद उपस्थित ग्रामीणों से हस्ताक्षर कराया गया। इस मौके पर उक्त लोगों के अलावे कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, अंजू देवी, कृष्णा राम, प्रदीप कुमार मेहता, मुरली मेहता, अजय राम, सुखू राम, रामबरन, रघुनी रजवार, रामचंद्र चौधरी, अरविंद मेहता, पिंटू कुमार, अनुज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम लाल श्रीवास्तव, मुख देव राम, बबलू कुमार, प्रमोद कुमार, अर्जुन कुमार, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, लालबाबू कुमार, रविंद्र कुमार, चितरंजन कुमार, फखरुद्दीन अंसारी, नसीम अंसारी, कयामुद्दीन अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## फर्जीवाड़ा : भुक्तभोगी महिलाओं ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की

# महिला समूह की टीम लीडर ने 39 सदस्यों से की 55 लाख की ठगी

> महिलाएं करीब पांच दर्जन से अधिक समूह बना कर रोजगार के लिए विभिन्न माइक्रो फाइनेंस कंपनी से ऋण लेकर रोजी रोटी चलाती थीं

नवीन कुमार गुप्ता



**भवनाथपुर।** विभिन्न माइक्रो फाइनेंस कंपनी से फर्जी तरीके से ऋण दिलवाकर 39 महिलाओं से 55 लाख रुपए ठगी करने वाली समूह टीम लीडर भवनाथपुर पंचायत की बुका निवासी ललिता देवी, पति जितेंद्र यादव के विरुद्ध भुक्तभोगी महिलाओं ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बुका गांव की महिलाएं करीब पांच दर्जन से अधिक समूह बना कर रोजगार के लिए विभिन्न माइक्रो फाइनेंस कंपनी से ऋण लेकर रोजी रोटी चलाती थीं। समूह की सभी महिलाएं समय-समय पर लिए गए ऋण का भुगतान भी करती थीं। इसी बीच समूह की टीम लीडर ललिता देवी, पति जितेंद्र यादव के द्वारा माइक्रो फाइनेंस कंपनी की विभिन्न शाखा जैसे समस्ता, सेटिंग, बंधन, आरबीएल, स्वतंत्र, बंदना, समावेश, ईशा, भारत, आरोहण, उत्कर्ष, सिंधुजा, मुरली, प्रार्थना सहित अन्य फाइनेंस कंपनियों से उनके कर्मियों की मिलीभगत से 39 महिलाओं के नाम पर 25-75 हजार का ऋण स्वीकृत कराकर सीएसपी में अंगूठा लगवा कर पैसा लेकर फरार हो गई, जब संबंधित फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ऋण की राशि लेने महिलाओं के घर पहुंचे तो उन्हें अपने ठगी का पता चला।

**कैसे हुआ फर्जीवाड़ा :** समूह की सुनीता देवी, हीरा देवी, अनीता देवी, सानू देवी, रानी देवी, पार्वती देवी, कुमारी देवी, शोभा देवी, अनीता देवी, अनीता देवी, पूजा देवी आदि महिलाओं ने बताया कि टीम लीडर ललिता देवी ने हम सभी महिलाओं से कहा कि फाइनेंस कंपनी लोन दे रही है, चल कर आप सब भी ले लीजिए। हम सबों से कागजात पर साइन करवा कर दो दो हजार यह कह कर दिया कि बैंक ने आप लोगों को लोन दिया है और सीएसपी में ले जाकर अंगूठा लगवा ली। कुछ दिनों के बाद जब हम सभी महिलाओं के घर पर संबंधित फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने पहुंचकर बताया कि आप सभी के नाम पर 25 हजार से 75 हजार का लोन दिया गया है। इसकी भरपाई आपको करना है, तब हम लोगों को पता चला कि हम लोगों के नाम पर ललिता देवी ने ठगी कर लिया है।

### किसके नाम पर कितने का हुआ फर्जीवाड़ा

उक्त टीम लीडर द्वारा सुनिता देवी से 165000, आरती देवी से 115000, विमला देवी से 181000, हीरा देवी से 172000, ललीता देवी से 45000, बीना देवी से 272000, मीना देवी से 40000, उषा देवी से 180000, बतसीया कुंअर से 195000, शीला देवी से 177000, बिमला देवी से 265000, अनिता देवी से 30000, संगीता देवी से 100000, तेजमनी देवी से 75000, शानु देवी से 99000, निलम देवी से 205000, सरीता देवी से 100000, रानी देवी से 80000, लीलावती देवी से 375000, प्रमिला देवी से 60000, पार्वती देवी से 545000, शांति मनी देवी से 110000, ललीता देवी से 35 हजार, गिरजा देवी से 90 हजार, अनिता देवी से 124000, मीरा देवी से 180000, सबीता देवी से 450000, कुमारी देवी से 95000, पुष्पा देवी से 20 हजार, शीलवंती देवी से 25 हजार, शोभा देवी से 85000, कमला देवी से 40 हजार, कुसुम देवी से 130000, अनिसा देवी से 120000, सरिता कुंअर से 180000, अनिता देवी से 67000, निलम देवी से 205000, पूजा देवी से 67000, शीलवंती देवी से 95000 रुपये की ठगी की।

# योगी सेना ने 28 मवेशियों को कराया मुक्त

> किसी भी हाल में पशु तस्करी नहीं होने देंगे : बिपुल दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** योगी सेना की तत्परता से तस्करी कर ले जा रहे 28 पशुओं को रात्रि 10 बजे रंका की तरफ से गढ़वा आ रहे ट्रक नं. इफ02.ऋअ 6033 को टंडवा में योगी सेना कार्यकर्ताओं ने रोक कर पुलिस प्रशासन को सौंप दिया। सूचना मिली थी कि गढ़वा के रास्ते से होते हुए बिहार के लिए एक ट्रक भैंस तस्करी कर ले जाया जा रहा है, इसकी सूचना मिलते ही तुरंत योगी सेना के कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों के साथ मौके पर पहुंच कर सभी पशुओं को तस्करों से मुक्त कराया।

वहीं बिपुल दुबे ने कहा कि जिले में पशु तस्करी का मामला अब बढ़ गया है और तरीका भी बदल-बदल कर तस्करी की जा रही है। तस्कर अपने आप में सुधार लायें अन्यथा उनके बढ़ते मनोबल को योगी सेना कुचलने के लिए तैयार है और किसी भी हाल में पशु तस्करी नहीं होने देंगे। इसके लिए लगातार योगी सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय हैं जो गुप्त सूचना के आधार पर पशु तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं। इसके पूर्व में भी कई बार करवाई हुई है और हम सब गौ सेवा के लिए हर पल तत्पर हैं।

इस दौरान योगी सेना के पिंकू तिवारी, अंजन धर दुबे, प्रियांशू दुबे, हर्ष कश्यप, राहुल धर दुबे, रामू कुमार, सौरभ तिवारी, सैरभ सिंह, विवेक कुमार, बिट्टू तिवारी, रवि तिवारी, रोहित दुबे, शुभम कुमार, साकेत कुमार, पिंकू तिवारी, आकाश कुमार परशुराम सेना जिला अध्यक्ष हरिशंकर दुबे, संजय तिवारी, राजेश चौबे, मनोज पांडेय, बजरंगदल जिला संयोजक शुभम चौबे, शुभम केशरी, रौनक कमलापुरी, विबेक सिंहा, आकाश गुप्ता आदि लोग सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# रेड क्रॉस सोसाइटी ने टीबी मरीजों के बीच किया पोषाहार वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा कार्यालय परिसर में रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से टीबी मरीजों के बीच पोषाहार वितरण किया गया। ज्ञात हो कि रेड क्रॉस सोसाइटी ने टीबी मरीजों को गोद लिया है। जिसके तहत पिछले छह माह से मरीजों के बीच पौष्टिक आहार वितरण किया जाता है। पौष्टिक आहार वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता ने कहा कि टीबी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

कार्यक्रम में सचिव डॉ जेपी सिंह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार, रेडक्रॉस वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, रेडक्रॉस हेल्थ चेयरमैन डॉ पतंजलि केसरी ने भी संबोधित किया। रेड क्रॉस सोसाइटी टीबी मरीजों की मदद के लिए प्रयासरत है। उसी कड़ी में आज पोषण युक्त पौष्टिक आहार वितरण किया जा रहा है।

मौके पर मनोज केसरी, ज्ञान प्रकाश केसरी, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव नंद कुमार गुप्ता, अवधेश कुशवाहा, संतोष मेहता साहित जिला यक्ष्मा विभाग के सभी पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## कार्यक्रम : प्रसिद्ध समाजसेवी रक्तवीर स्व. कृत्यानंद श्रीवास्तव के परिजन झामुमो में शामिल

# आनेवाले समय में पूरा गढ़वा झामुमोमय होगा : मिथिलेश ठाकुर

> कहा- स्वच्छ छवि के लोगों को शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा के प्रसिद्ध समाजसेवी उमाशंकर प्रसाद व रक्तवीर स्व. कृत्यानंद श्रीवास्तव के परिजनों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यो से प्रभावित होकर गढ़वा के दीपुवा मोहल्ला निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी उमाशंकर प्रसाद के पुत्र व पुत्रवधु, रक्तवीर स्व. कृत्यानन्द श्रीवास्तव के भाई लायन आकाश श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी वंदना श्रीवास्तव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर ली। शनिवार को मंत्री श्री ठाकुर के रांची स्थित आवास पर ये सभी पार्टी में शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए पार्टी का पट्टा पहना कर उन्हें झामुमो में शामिल किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर पूरे राज्य में लोगों का पार्टी में शामिल होने का सिलसिला जारी है। इस कार्य में गढ़वा के लोग अव्वल हैं। दूसरे दलों सहित काफी संख्या में समाजसेवी एवं अन्य सभी वर्गों के लोग काफी झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ छवि के लोगों को शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। आने वाले समय में पूरा गढ़वा झामुमोमय होगा।

पार्टी में शामिल होने वाले आकाश व वंदना ने कहा कि पूरे गढ़वा में झामुमो की लहर है। मंत्री श्री ठाकुर जिस तरह से गढ़वा में विकास कार्यों को अंजाम दे रहे हैं, इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। मंत्री श्री ठाकुर के कार्यकाल से पहले गढ़वा में विकास नाम की कहीं कोई चीज दिखाई नहीं पड़ती थी। अब तक गढ़वा में विकास कार्यों के नाम पर सिर्फ छलावा ही हो रहा था। परंतु अब मंत्री श्री ठाकुर के नेक विचार एवं बेहतर सोच की वजह से गढ़वा में अभूतपूर्व विकास हो रहा है।

मौके पर झामुमो के जिला सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, डॉ असजद अंसारी, मिथिलेश झा, दीपक पाठक सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्

!! आम सूचना !!

(प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी))

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक "तिलैया किफायती आवास परियोजना के तहत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तिलैया बस्ती में निर्माण किये गये G+3, तिलैया किफायती आवास परियोजना में 12 रिक्त आवासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किये जाने हेतु जिला समाहरणालय सभागार कक्ष में दिनांक 21.06.2023 दिन बुधवार को समय 12:00 बजे मध्यान से निर्धारित किया गया है।

अतः वैसे लाभर्थी जिनके द्वारा तिलैया किफायती आवास परियोजना में आवासों के आवंटन हेतु सुरक्षा जमा राशि 5000/– की राशि केनरा बैंक, झुमरी तिलैया शाखा में जमा किया गया है. उनसे अनुरोध है कि दिनांक 21.06.2023 दिन बुधवार को जिला समाहरणालय सभागार कक्ष में उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR 300356 (Urban Development)23-24*D

कार्यालय : वन प्रमण्डल पदाधिकारी
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो
BLOCK-A, VAN BHAWAN, PURULIA ROAD, CHAS, BOKARO-827013
E-mail : dfo-bokaro@gov.in & bokarodfo@gmail.com
Phone/Fax No : +91-6542-265142

Meri LiFE

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बोकारो वन प्रमण्डल के अंतर्गत विभिन्न प्रक्षेत्रों में अगर किसी व्यक्ति/भू–माफिया के द्वारा वनभूमि की खरीद विक्री अथवा वनभूमि में किसी प्रकार का निर्माण कार्य किये जाने की सूचना प्राप्त होती है तो वन प्रमण्डल पदाधिकारी के मोबाइल नं0 8987790304 पर संपर्क स्थापित कर इसकी सूचना दी जा सकती है। यदि किसी व्यक्ति/भू माफिया के द्वारा वनभूमि को रैयति भूमि बता कर विक्री की जाती है या संबंधित भूमि के वनभूमि होने की आशंका होती है तो क्रेता द्वारा संबंधित भूमि का प्रमंडलीय कार्यालय से सत्यापन कराने के पश्चात् ही क्रय किया जाए। वनभूमि के अवैध खरीद विक्री/अतिक्रमण में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतः जनमानस से अपील है कि इस प्रकार के अवैध कार्यों से बचे तथा वनभूमि के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो

PR 300329 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D

कार्यालय
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 610 दिनांक 27.05.2020 के आलोक में लोहरदगा जिला के मत्स्य कृशकों एवं मत्स्य पालकों को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में भारत सरकार के मात्स्यिकी, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा नई योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है ।

उक्त योजना का मुख्य लक्ष्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि तकनीकी, आधारभूत संरचना तथा मात्स्यिकी प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाना है । इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यकम लाभुक जनित है तथा इसमें केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त की राशि लाभुक अंशदान के रूप में लाभुक द्वारा स्वंय वहन किया जाना है । लाभुक जनित योजनाएँ निम्नाकिंत है :–

| क0 | योजना का नाम | ईकाई | ईकाई लागत (लाख में) | सरकार का अनुदानित राशि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सामान्य जाति (40%) | ST/SC/ Women (60%) |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 2 | स्कैम्पी हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 3 | नये रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | (हे0में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 |
| 4 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | (हे0में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 |
| 5 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो तालाबों में) | हे0में | 4.00 | 1.60 | 2.40 |
| 6 | बायोफ्लोक तालाब का निर्माण (04 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 5.60 | 8.40 |
| 7 | जलाशय में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 (3.00 लाख/एक लाख अंगुलिकाएँ हेतु) | हे0में | Rs @03/ Fingerling | Rs.@1.20/ Fingerling | Rs. @1.80/ Fingerling |
| 8 | बैकयार्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली की रियरिंग ईकाई | सं0में | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 9 | मध्यम् आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग ईकाई | सं0में | 8.00 | 3.20 | 4.80 |
| 10 | समेकित सजावटी/रंगीन/अलंकारी मत्स्य ईकाई (ब्रिड़िग एवं रियरिंग) | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 11 | मीठे जल हेतु सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों के ब्रुड बैंक की स्थापना | सं0में | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 12 | मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजक मत्स्य गतिविधियों को प्रोत्साहन (Promotion of Recreational Fisheries) | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 13 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) ईकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 14 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 15 | मध्यम् आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) ईकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 16 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 25 टैंक वाले मध्यम् बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 17 | छोटे आकार आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) ईकाई की स्थापना (कम से कम 100 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 01 टैंक) | सं0में | 7.50 | 3.00 | 4.50 |
| 18 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 07 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0में | 7.50 | 3.00 | 4.50 |
| 19 | बैकयार्ड मिनी आर0एफ0एफ0(रिर्सकुलैट्री एक्वाकल्चर सिस्टम) ईकाई की स्थापना | सं0में | 0.50 | 0.20 | 0.30 |
| 20 | जलाशयों में केज की अष्ठिापन | सं0में | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 21 | आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | हे0में | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 22 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट निर्माण (10 टन क्षमता) | सं0में | 40.00 | 16.00 | 24.00 |
| 23 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट निर्माण (20 टन क्षमता) | सं0में | 80.00 | 32.00 | 48.00 |
| 24 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट निर्माण (30 टन क्षमता) | सं0में | 120.00 | 48.00 | 72.00 |
| 25 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट निर्माण (50 टन क्षमता) | सं0में | 150.00 | 60.00 | 90.00 |
| 26 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) बर्फ प्लांट का आधुनिकीकरण | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 27 | रेफ्रीजरेटेड वाहन | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 28 | इनसुलेटेड वाहन | सं0में | 20.00 | 8.00 | 12.00 |
| 29 | आईस बॉक्स के साथ मोटर–साईकिल, | सं0में | 0.75 | 0.30 | 0.45 |
| 30 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल | सं0में | 0.10 | 0.04 | 0.06 |
| 31 | मछली बिकी के लिए आईस बॉक्स के तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | सं0में | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 32 | जीवित मछली बिकी केन्द्र | सं0में | 20.00 | 8.00 | 12.00 |
| 33 | लघु फीश फिड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | सं0में | 30.00 | 12.00 | 18.00 |
| 34 | मध्यम् फीश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | सं0में | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 35 | वृहत् फीश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | सं0में | 200.00 | 80.00 | 120.00 |
| 36 | फीश फिड प्लांट (प्रतिदिन 100 टन उत्पादन क्षमता) | सं0में | 650.00 | 260.00 | 390.00 |
| 37 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहित) | सं0में | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 38 | फीश कियोस्क का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम सहित) | सं0में | 10.00 | 4.00 | 6.00 |
| 39 | मछली के मूल्य सवंर्धित उत्पाद की ईकाई (फीश वैल्यू एडेड इन्टरप्राइजेज) | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 40 | मछली एवं मछली के उत्पादों की ई–ट्रेडिग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म | DPR/SCP पर आधारित | | | |
| 41 | फीश डिजिज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टींग मोबाईल लैब/क्लीनिक (मछली बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता परखने हेतु प्रयोगशाला की स्थापना) | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 42 | फीश डिजिज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टींग मोबाईल लैब/क्लीनिक (मछली बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता परखने हेतु चलन्त प्रयोगशाला/क्लीनिक) | सं0में | 35.00 | 14.00 | 21.00 |
| 43 | Traditional Fisherman नाव तथा जाल के कय हेतु सहयोग | सं0में | 5.00 | 2.00 | 3.00 |
| 44 | प्रसार एवं सहयोग सेवाएँ (मत्स्य सेवा केन्द्र) | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 45 | Bivalve Cultivation (Pearl Culture) भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने पर | सं0में | 0.20 | 0.08 | 0.12 |
| 46 | आर्थिक रूप से कमजोर पारम्परिक मछुआरों हेतु मछली शिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | सं0में | केन्द्राश – 1500 रू0 + राज्याश – 1500 + लाभुक का अंशदान – 1500 = 4500 रू0 प्रति वर्ष | | |
| 47 | मछुआरों का बीमा | सं0में | बीमित द्वारा कोई प्रीमियम देय नहीं | | |

नोट– लाभुकों को अपने आवेदन में अंकित परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (DPR) अपने खर्च पर बनवाकर जमा करना होगा ।

उक्त योजना के अन्तर्गत लाभ लेने हेतु लोहरदगा जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृशकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में आवेदन 15.07.2023 तक आमंत्रित किये जाते है । आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है ।

NOTE : - प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना केन्द्र प्रायोजित योजना है, जिसमें योजना की ईकाई लागत में लाभुक को अंशदान पूर्व व्यय किया जाना है, उसके पश्चात् ही अनुदान की राशि भुगतान किया जाएगा । इस हेतु आवेदक/लाभुक को शपथ–पत्र देना होगा कि अपना अंशदान लगाने में सक्षम हूँ ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 300373 (Lohardaga)23-24*D

## अमन को ददई दुबे का मिला आशीर्वाद



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। शहर के प्रख्यात व्यवसायी उदय गुप्ता के पुत्र अमन कुमार का जन्मोत्सव कार्यक्रम भव्य और आकर्षक ढंग से मनाया गया। रांची के कैपिटल हिल होटल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे ने शामिल होकर अमन कुमार को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना किया। व्यवसाई पुत्र अमन कुमार ग्लोबल सफायर इंटरनेशनल स्कूल का छात्र है। कार्यक्रम में उदय कुमार गुप्ता उनकी पत्नी आरती देवी संजू देवी, सुलेखा देवी, विवेक कुमार, रितेश कुमार, परी कुमारी, पल्लवी, आशीष, गगन, अनमोल समेत परिजन और मित्रगण मौजूद थे।

### किस्को के परहेपाट में मंत्री और सांसद ने किया आश्रम विद्यालय में बनने वाले ऑडोटोरियम भवन का शिलान्यास

# आश्रम विद्यालय के बच्चों की बेहतरी में नहीं होगी कमी : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता




**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत आश्रम विद्यालय परहेपाट में बनने वाली ऑडोटोरियम भवन का शिलान्यास राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में शरीक हुए मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव और सांसद सुदर्शन भगत और अन्य अतिथियों का आश्रम विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों के द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परहेपाट आश्रम विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने को लेकर राज्य सरकार कृत संकल्पित है। मंत्री ने कहा कि परहेपाट आश्रम विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की बेहतरी हेतु किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के हित में समुचित व्यवस्था पूरी गुणवत्ता के साथ बहाल किया जायेगा। वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने कहा कि आश्रम विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के साथ किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा और जो भी लोग विद्यालय में खाद्यान्न और दूध सहित अन्य प्रकार की व्यवस्था की आपूर्ति करने वाले हैं वैसे भेंडर यदि लीपापोती करते हुए पाये जायेंगे तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। वहीं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत ने कार्यक्रम में उपस्थित तमाम लोगों को अपने संबोधन में कहा कि परहेपाट आश्रम विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त करें इसके लिए हमारा सकारात्मक प्रयास रहा है, आगे भी बच्चों के हित में एवं विद्यालय के विकास को लेकर बेहतर पहल किया जायेगा। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि शिक्षा बिन मनुष्य का जीवन सदैव अधूरा रहता है। उन्होंने कहा कि किस्को प्रखंड के परहेपाट में संचालित आश्रम विद्यालय इस क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

**मंत्री और सांसद के आगमन पर चप्पे-चप्पे पर की गयी थी सुरक्षा व्यवस्था**

लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत परहेपाट आश्रम विद्यालय में बनने वाली ऑडोटोरियम भवन का शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव और सांसद सुदर्शन भगत के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था की कमान इंस्पेक्टर मंटू कुमार और किस्को थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो के द्वारा संभाली गयी थी। इस दौरान कार्यक्रम के दौरान किसी तरह की कोई चूक न हो इसे लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि परिंदा भी पर नहीं मार सके।

**कार्यक्रम में इन्होंने की शिरकत**

किस्को प्रखंड के परहेपाट आश्रम विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, भाजपा नेता सह पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह, माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन श्रीचंद प्रजापति, कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, जिप सदस्य संदीप गुप्ता सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लातेहार महिला कबड्डी टीम की सदस्य हुई सम्मानित



लातेहार (आजाद सिपाही)। जिला कबड्डी महिला टीम के खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी शिवेंदु कुमार और कबड्डी एसोसिएशन ने सम्मानित किया। इन खिलाड़ियों को रांची में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर महिला टीम की खिलाड़ी पूनम कुमारी का चयन राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड कबड्डी महिला टीम में हुआ है। जिला खेल पदाधिकारी ने पूनम के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता जाहिर की और हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। पूनम कुमारी के इस प्रदर्शन पर लातेहार जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद उरांव, सचिव अशफाक उर्फ मुन्ना, उप सचिव अनूप कुमार, उपाध्यक्ष हरिशंकर यादव, आफताब आलम, प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने शुभकामनायें दी है।

## एक दिवसीय नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह संचालित विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा रामप्यारी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रांची के सहयोग से कल्याण अस्पताल बसारडीह में एक दिवसीय नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लोहरदगा लातेहार रांची जिले के विभिन्न गांव से सैकड़ों मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच पैथोलॉजिकल जांच और नि:शुल्क दवा दिया गया, इस स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर शैलेंद्र शुक्ला एमबीबीएस यूरोलॉजिस्ट मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरेंद्र कुमार एमबीबीएस जनरल फिजिशियन डॉ आशीष कुमार दंत रोग विशेषज्ञ कल्याण अस्पताल के नियमित चिकित्सक जनरल फिजिशियन डॉक्टर सतीश कुमार सिन्हा डॉक्टर अलीशा टोप्पो आदि के द्वारा सैकड़ों ग्रामीण मरीजों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया।

## राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर बीडीओ ने की बैठक

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्षों के साथ संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चलाये जाने वाले संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में 18 वर्ष पूरे करने वाले नये मतदाताओं का सभी राजनीतिक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों के बीएलओ से से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वैसे व्यक्ति जिनकी उम्र 18 से ऊपर हो चुकी है।उनके लिए प्रपत्र 6 भरकर मतदाता सूची में जोड़ने व मृत, स्थानान्तरण वोटरों को प्रपत्र 7 में भरकर,सूची से हटाने तथा मतदाता सूची में किसी भी तरह की गड़बड़ी और अशुद्धि के लिए प्रपत्र 8 भरकर सुधार करने के बारे में जानकारी दिया।

## पुस्तकालय भवन शिक्षा जगत में बहुत बड़ी उपलब्धि : सांसद



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शनिवार को लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल। किस्को प्रखंड अंतर्गत परहेपाट आश्रम विद्यालय में एडिटोरियम भवन का शिलान्यास, ईवीएम भवन का सदर प्रखंड कार्यालय के समीप उद्घाटन, नदिया हिंदू हाई स्कूल लोहरदगा के सामने न्यू पुस्तकालय भवन निर्माण का उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि विशेष केन्द्रीय सहायता राशि से निर्मित पुस्तकालय भवन शिक्षा जगत में बहुत बड़ी उपलब्धि है आज की वर्तमान समय में विद्यार्थियों को पुस्तकालय से भी जोड़ना उतनी ही आवश्यक है जितना डिजिटल माध्यम से अध्ययन। मौके पर साथ में उपस्थित पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष राजमोहन राम, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

## रसोइया संघ ने रोषपूर्ण प्रदर्शन किया

लातेहार (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय मे शनिवार को झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ जिला ईकाई के तत्वावधान मे रोष पूर्ण प्रदर्शन किया गया। मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि 12 सूत्री मांगो को लेकर लगातार प्रदर्शन और आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रसोइयो को सरकारी कर्मी का दर्जा मिलना चाहिए, इसके अलावा 10 माह के जगह पर 11 माह का मानदेय भुगतान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी रसोइयो को जब तक सरकारी कर्मी का दर्जा नही मिलता है तब तक 21 हजार वेतनमान सरकार की ओर से मिलना चाहिए। सभा के बाद 12 सूत्री मांग पत्र जिला शिक्आ अधीक्षक को सौंपा गया। मौके पर रीना देवी, पानपति देवी, शांति देवी, जीरा देवी और चिंता देवी समेत काफी संख्या रसोइया उपस्थित थी।

## जिले में एक भी निजी स्कूल को सरकारी मान्यता नहीं

लातेहार (आजाद सिपाही)। जिले के आरटीआई और सामाजिक कार्यकर्ता लाल मोहन सिंह को जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान लातेहार के द्वारा सूचना के अधिकार के तहत उपलब्ध करायी गयी सूचना से शिक्षा विभाग के उपर भी सवालीया निशान उठ रहा हैं उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार लातेहार जिले में कुल 144 निजी स्कूल हैं जो सरकारी स्तर से आर०टी०ई० मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एक भी नहीं हैं। जब की अनिवार्य और बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर०टी०ई०)01 अक्टूबर 2010 से पुरे भारत वर्ष में प्रभावी हैं और इस अधिनियम के तहत सरकारी स्तर से मान्यता लेना निहायत जरूरी हैं।

## मुखिया और पंचायत सचिव की पहल पर रुकी नाबालिग युवती की शादी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पेशरार/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती और उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सीरम में एक 15 वर्षीय नाबालिग युवती की बगैर रजामंदी के परिजनों द्वारा शादी कराये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसका नाबालिग युवती विरोध कर रही थी, परंतु परिजन अपनी जिद पर अड़े हुए थे और जबरन नाबालिग युवती की शादी कराने को लेकर आतुर थे। इधर युवती के द्वारा परिजनों द्वारा जबरदस्ती शादी कराये जाने की जानकारी मिलते ही प्रखंड प्रशासन हरकत में आई और तत्काल संज्ञान में लेते हुए टीम गठित कर मामले पर अग्रेतर कार्रवाई शुरू किया गया। इस दौरान मामले की जांच पड़ताल करने पर सही पाया गया। इधर प्रशासनिक विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समझाने पर परिजन शादी करने से मना कर बेटी को फिर से स्कूल में शिक्षा दिलाने की बात पर सहमति जताया। जिसमें प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामजीवन नायक ग्राम पंचायत सीरम के मुखिया भागवत सिंह खेरवार बाल विकास परियोजना की महिला प्रवेक्षिका मालती कच्छप ग्राम पंचायत सीरम के पंचायत सचिव महफूज अंसारी को टीम में शामिल किया गया और मामले को गंभीरता के साथ निपटारा कराने का निर्देश दिया गया। इधर वरीय अधिकारियों के आदेशानुसार गठित टीम के द्वारा मामले को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए जांच पड़ताल किया गया जिसमें मामला सही पाया गया और त्वरित कार्यवाही करते हुए निष्पादन किया गया। साथ ही बच्ची के बेहतर भविष्य हेतु आगे की पढ़ाई पूरी करने को लेकर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन कराये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

## लोहरदगा में डीएफएमटी मद से बनेंगे 69 आंगनबाड़ी भवन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ दिनांक 16/06/2023 को प्रोजेक्ट भवन रांची में हुई बैठक के आलोक में शनिवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के आवश्यक निर्देश दिये गये। जुलाई माह की समाप्ति के पूर्व सभी छूटे हुए आंगनवाड़ी केंद्र जो अपने भवन में नहीं चल रहे हैं, डीएमएफटी मद से ऐसे कुल 69 भवनों के निर्माण हेतु निर्णय लिया गया। इन आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु ग्राम सभा से स्वीकृति लिये जाने का निदेश दिया गया। पंचायती राज पदाधिकारी को सभी छूटे हुए ग्राम पंचायतों में लाभुक समिति का गठन अगले चार दिनों के अंदर कर लिये जाने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना में वैसे किसानों जो पलायन कर चुके हैं वैसे किसानों के सत्यापन के लिए इस माह से सितंबर माह तक प्रत्येक माह सत्यापन ड्राईव चलाये जाने का निर्देश दिया गया। पेयजल और स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा को जल जीवन मिशन अंतर्गत जहां 90 प्रतिशत घरों में नल का कनेक्शन हो चुका है वैसे घरों का सर्टिफिकेशन 15 दिनों के अंदर पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। सोल्3र पाथ बनाने के लिए प्रत्येक अंचल में 05 एकड़ भूमि चिन्हित कर उसका घेरान कराने का निदेश अंचल अधिकारियों को दिया गया।

ग्रामीण जलापूर्ति की योजना अंतर्गत बरही, भंडरा, किस्को, कैरो, सेन्हा, हेसल और आकाशी की योजना की मरम्मति के लिए भाड़ा का कलेक्शन किये जाने और 15 दिन के अंदर मरम्मति प्रारंभ किये जाने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया।

## उपायुक्त की अगुवाई में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक एनएचएम अंतर्गत रिक्त 48 पदों की नियुक्ति के लिए विभागीय एमडी से मार्गदर्शन मांगे जाने का निदेश दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सदर अस्पताल में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कुल 04 एक्स-रे तकनीशियन, 01 पीएसए प्लांट ऑपरेटर और 01 टीबी सुपरवाइजर की नियुक्ति किये जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किये जाने का निर्णय लिया गया। आयुष्मान भारत फंड से 04 मल्टीपर्पस वर्कर नियुक्त किये जाने का निदेश दिया गया। इस प्रकार कुल 10 रिक्त पदों को भरे जाने का निदेश दिया गया। एससीए मद से भंडरा और कुडू में 30 केवीए का जेनरेटर क्रय किये जाने का निर्णय लिया गया। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोलर पैनल की व्यवस्था एससीए मद से किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार, डीपीएम एनएचएम, सभी एमओआईसी और अन्य उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने महिला चोर को पकड़ पुलिस को सौपा

भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र स्थित सप्ताहिक चट्टी बाजार में शनिवार को सादी की खरीददारी करने आये दंपति के बैग से 50 हजार रुपये निकाल रहे महिला चोर को लोगों ने रंगे हाथ पकड़कर जम कर पिटा फिर पुलिस को सौंपा। आरोपी महिला चोर अपना पहचान नही बता पायी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस घायल महिला चोर को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे इलाज करा रही थी। फिलहाल प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश बाजारों मे चोर गिरोह सक्रिय हो रही है। भंडरा थाना क्षेत्र में चोरी के अधिकांश मामलों में ग्रामीणों द्वारा चोरों को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द किया जाता है। जबकि चोरी के अन्य मामलों में पुलिस मामले का उद्भेदन करने में असफल रहती है।

### मनिका की कोपे पंचायत में मनरेगा योजना की एंट्री में भारी लापरवाही के विरोध में उप मुखिया और वार्ड सदस्यों ने बीपीओ का किया घेराव

# मनरेगा योजना में बिचौलियों को लगातार मिली हुई है लूट की छूट

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** मनिका प्रखंड के कोपे पंचायत में इन दिनों मनरेगा योजना में बिचौलियों को लूट की छूट मिली हुई है। कोपे पंचायत की उप मुखिया शीला देवी ने बताया कि हमारे पंचायत के मुखिया विनीता देवी पति सुदेश्वर सिंह के दो बिचौलिया हैं जिनका नाम रवीना बीवी और सोहन सिंह है और हमारे पंचायत क्षेत्र में इनके इशारे से ही सारी योजनाओं की एंट्री होती है उन्होंने बताया कि हाल में सरकार द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में 25 टीसीबी योजना का लाभ देना है जिसमें से हर एक गांव को पांच योजना मिली है लेकिन कोपे पंचायत में 72 टीसीबी योजनाओं की एंट्री की गई है उप मुखिया ने बताया कि हम लोगों के नाम से किसी भी योजना की एंट्री नहीं की गई है जिस पर बीपीओ से बात करने से मनरेगा बीपीओ अपना मनमानी तरीके से योजनाओं की एंट्री करते हैं अगर इनसे इस पर पूछा जाए तो अपना अफसरशाही दिखा रहे हैं। उप मुखिया ने बताया कि अभी सरकार द्वारा संचालित कूप निर्माण योजनाओं की एंट्री के लिए हम लोगों से मुखिया पति सुदेश्वर सिंह के द्वारा 20000 रुपये की मांग की जा रही है सुरेश्वर सिंह का कहना है कि 20000 रुपये में बीडीओ समेत अन्य का भी हिस्सा है सभी को पैसे देने पड़ते हैं पैसे देने के बाद ही उन्हें कूप निर्माण योजना का लाभ दिया जायेगा। जिसे लेकर दिन शनिवार को उप मुखिया शीला देवी वार्ड सदस्य राजमती देवी रीना देवी नेमी देवी ने प्रखंड कार्यालय मनिका पहुंचकर बीपीओ ऑफिस का घेराव कर लिया और मनरेगा योजना में गड़बड़ी करने के खिलाफ बीपीओ के साथ हाथापाई पर उतर आए बीपीओ अपना बचाव करते हुए कंप्यूटर रूम में जाकर छुप गया। जिसके बाद मनिका पुलिस के आने के बाद भीड़ को ब्लॉक परिसर से बाहर निकाला गया। इस मामले से संबंधित जानकारी लेने के लिए जब प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो को फोन किया गया तो उन्होंने बात करते हुए कहा कि आप मेरे आवास पर आकर मुझसे मिलिये। ज्ञात हो कि पूर्व में भी बीडीओ विरेंद्र किंडो के कार्यकाल में मनरेगा योजना में भारी लापरवाही बरते हुए टीसीबी योजना की एंट्री में गड़बड़ी की गयी थी जिसके विरोध मामला प्रकाश में आने के बाद जिला प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए सनलिप्त अधिकारियों के ऊपर कारवाई कर योजनाओं को रद्द करा दी थी।
















# होल्डिंग टैक्स में छूट पाने का 30 जून तक अच्छा मौका, उठायें लाभ : प्रशासक

**5 से 12.5 प्रतिशत तक छूट का अवसर**

**बड़े संपत्ति कर दाताओं तथा ससमय संपत्ति कर जमा करने वालों को नप करेगा सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने कहा कि 30 जून तक अपना संपत्ति कर जमा करने वाले लोगों को 5% की छूट प्रदान की जा रही है। बताया कि उक्त 5% की छूट 30 जून के बाद प्रभावी नहीं रहेगी। इसलिए लोग नगर परिषद कार्यालय आकर अपना होल्डिंग टैक्स 30 जून के पहले जमा कर 5% छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इतना ही नहीं, कार्यालय काउंटर पर आने वाले लोगों को 2.5% अतिरिक्त छूट का भी प्रावधान है। साथ ही वरिष्ठ नागरिक, महिला नागरिक, सैन्य बलों के सदस्य, थर्ड जेंडर आदि को 5% प्रतिशत अतिरिक्त छूट है। यानि कि उपरोक्त कोटि का कोई भी संपत्ति मालिक यदि नगर परिषद काउंटर पर आकर 30 जून के पहले होल्डिंग टैक्स जमा करता है तो उसे अधिकतम साढ़े 12% तक की छूट मिल सकती है। इतना ही नहीं, अगर कोई भू-धारक अपने संपत्ति कर को ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करता है तो उसे 5% की छूट है।

उन्होंने शहर के नागरिकों से अपील की कि वे ससमय संपत्ति कर जमा कर ना केवल 5% से 12.50 प्रतिशत तक छूट पाकर खुद की बचत करें बल्कि शहर के विकास में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से भागीदार भी बनें। उन्होंने कहा कि वह ऐसे संपत्ति मालिकों को सम्मानित करने की भी योजना बना रहे हैं जिनका संपत्ति कर अद्यतन जमा हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित कई सरकारी कार्यालयों पर भी होल्डिंग टैक्स की बड़ी राशि बकाया है। पूर्व में इन सभी को नोटिस भेजे जा चुके हैं, पुनः नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है।

## 24 घंटे के अंदर कब्र से निकाला गया गुलशन मुंडा का शव, दुबारा कराया जायेगा पोस्टमार्टम



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाडीह बॉक्साइट माइन्स में विस्फोट के दौरान मजदूर गुलशन मुंडा की मौत का मामला को बॉक्साइट माइंस ऑनर विकास सिंह के द्वारा अपने मनमाने ढंग से मामला को मोड़ने का प्रयास को गुमला प्रशासन ने विफल कर दिया और अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर 24 घंटा के अंदर दफनाए गए गुलशन मुंडा के शव को कब्र से बाहर निकाल कर दोबारा पोस्टमार्टम करने के लिए गुमला भेज दिया गया। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा पत्र निर्गत कर कहा गया कि गुरुवार को जवाडीह बॉक्साइट माइन्स में मजदूर के द्वारा बॉक्साइट निकालने के लिए विस्फोट कराया जा रहा था। उस दरमियान एक मजदूर गुलशन मुंडा की मौत हो गई और माइंस ऑनर के द्वारा स्थानीय प्रशासन को सूचना नहीं दी गयी और मृतक को लोहरदगा ले गए। जहां प्राथमिकी दर्ज करते हुए पोस्टमार्टम कराया गया। जिससे साफ जाहिर होता है कि विस्फोट के मामला को दबाते हुए दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए दफनाए गए गुलशन मुंडा के शव को कब्र से बाहर निकालने के लिए बिशुनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य को मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त करते हुए शनिवार को शव को कब्र से बाहर निकाल कर पुनः गुमला में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो सके। इस निमित्त बिशनपुर मजिस्ट्रेट छंदा भट्टाचार्य, गुमला सीडीपीओ मनीष चंद्र लाल, गुरदरी थाना प्रभारी सदानंद सिंह सहित अन्य लोगों की टीम गठन कर प्रशासन ने शनिवार को कब्र खोदकर शव बाहर निकाला और पुनः पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया।

## लघु सिंचाई प्रमंडल गुमला की लगभग छह करोड़ की निविदा का संवेदक संघ ने किया बहिष्कार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लघु सिंचाई प्रमंडल गुमला के द्वारा निकाली गई लगभग छह करोड़ की निविदा का संवेदक संघ गुमला के निवेदन पर गुमला जिला के सभी संवेदकों ने स्वेच्छा पूर्वक बहिष्कार किया। यह बहिष्कार दर्शाता है कि संवेदकों के बीच जो समस्या है उससे सभी आहत और मजबूर हैं और सभी ने इसे माना है। संवेदक संघ गुमला के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 30.6. 2023 तक सभी निविदाओं का बहिष्कार किया गया है। संवेदक संघ की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि जब तक हम सबों को हमारे किए हुए कार्य का भुगतान नहीं हो जाता है तब तक जिले के सभी निविदाओं का संवेदक संघ गुमला के द्वारा बहिष्कृत किया गया है। और यह निर्णय लिया गया है कि 26.6. 2023 को मुख्यमंत्री झारखंड सरकार से संवेदक संघ गुमला के प्रतिनिधिमंडल जाकर मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत करायेंगे। वर्तमान में जिला प्रशासन के द्वारा जिस तरह से अपराधियों की तरह बर्ताव करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने व केस करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। इसे जिले के सभी संवेदकों ने घोर निंदनीय बताया है। गुमला जिला संवेदक संघ के द्वारा रांची, लोहरदगा व सिमडेगा जिला के भी सभी संवेदकों को धन्यवाद देते हुए उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया है।

**बैठक :** उपायुक्त ने की सांसद आदर्श ग्राम एवं रूर्बन मिशन से संचालित योजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

# 28 जून तक शत प्रतिशत सुविधाओं से परिपूर्ण आदर्श ग्रामों के नाम घोषित करें

**सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत बिशुनपुर, घाघरा, गुमला, रायडीह एवं पालकोट तथा रूरबन मिशन अंतर्गत करौंदी एवं तेलगांव पंचायत अंतर्गत किए जाने वाले विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति से अवगत हुए**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में रूरबन मिशन एवं सांसद आदर्श ग्राम अंतर्गत चल रही योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने योजना अंतर्गत सभी ग्रामों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत बिशुनपुर, घाघरा, गुमला, रायडीह एवं पालकोट तथा रूरबन मिशन अंतर्गत करौंदी एवं तेलगांव पंचायत अंतर्गत किए जाने वाले विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति से अवगत हुए।

रूरबन मिशन की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने करौंदी एवं तेलगांव पंचायत अंतर्गत आने वाले सभी 8 ग्रामों में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। जिसमें पर्यटक क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, चेक डैम निर्माण, दीदी कैंटीन, स्ट्रीट लाइट, सोलर पावर, जैसे 34 कार्यात्मक योजनाओं की जानकारी लेते हुए योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने तेलगांव पंचायत में निर्मित पार्क के संचालन हेतु समिति का चयन करने का निर्देश दिया। वहीं तेलगांव एवं करौंदी पंचायत में रूबन मिशन अंतर्गत बने 35 मुर्गी शेड के संचालन प्रक्रिया पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उक्त दोनों ही पंचायत में बने 10 दीदी कैंटीन के नियमित संचालन की जिम्मेवारी जेएसएलपीएस की टीम को दी। उन्होंने उक्त योजना से बनाए गए विभिन्न प्रोसिंग सेंटर के भी शत प्रतिशत उपयोगिता को बढ़ाने का निर्देश दिया। उक्त पंचायतों में स्वास्थ्य सुविधाओं से अवगत होते हुए उन्होंने संस्थागत प्रसव, इम्यूनाइजेशन को शत प्रतिशत रेशियो में लाने का निर्देश दिया साथ ही संबंधित पदाधिकारी को इसकी जांच नियमित रूप से करने को कहा। उक्त योजना से बनाए गए सभी भवनों की गुणवत्ता जांच करने की भी बात कही।

आदर्श ग्राम योजना के क्रम में उपायुक्त ने सभी ग्रामों को शत प्रतिशत बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, केसीसी, टीबी मुक्त जैसे विभिन्न योजनाओं से अच्छादित करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक विद्यालय में एफएलएन कार्यक्रम का संचालन करने की बात कही। वहीं सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को अक्षर ज्ञान एवं संख्या ज्ञान से बच्चों को अवगत कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने उक्त सभी योजनाओं से अच्छादित करते हुए 28 जून तक शत प्रतिशत सुविधाओं से परिपूर्ण आदर्श ग्रामों के नाम घोषित करने का निर्देश दिया। श्लरठऊ डे, श्रमिक निबंधन को भी शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

मौके पर उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक के अलावा अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों की छह सदस्यीय टीम ने किया उत्कृष्ट कार्यों का अध्ययन

**टीम के सदस्यों ने प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात कर जिले में चल रहे प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तृत जानकारी ली**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों की छह सदस्यीय टीम ने गुमला जिले का दौरा किया। दो दिनों (शुक्रवार एवं शनिवार) के लिए आए 2021 बैच के आईएएस अधिकारियों की टीम ने जिले में हुए बेहतरीन कार्यों का अध्ययन किया। इस टीम के सदस्यों ने अपनी पहली मीटिंग में जिले के प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात की, जहां उन्होंने जिले में चल रहे प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तृत जानकारी मिली।

टीम का नेतृत्व कर रहे जिले के वरीय अधिकारी सहायक समाहर्ता आशीष गंगवार ने बताया कि भारत के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को उनके ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न उत्कृष्ट जिलों में अध्ययन के लिए भेजा जाता है जो जिला किसी न किसी बेहतरीन कार्य के लिए चर्चा में है। इस वर्ष गुमला जिले को अकांक्षी जिले की श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रधानमंत्री अवार्ड से नवाजा गया जो कि पूरे झारखंड राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। देश भर में चर्चित गुमला जिला में कई ऐसे उत्कृष्ट कार्य हुए हैं जो अपने आप में बेहतरीन हैं इन्हीं सभी कार्यों को जमीनी स्तर पर अध्ययन करने एवं उसके पीछे के पूरे प्रोजेक्ट्स को समझने के लिए प्रशिक्षु आईएएस की टीम ने अपने दौरे के क्रम में गुमला जिले को चुना।

छह सदस्यीय आईएएस प्रशिक्षुओं की टीम शुक्रवार की शाम को जिले में पहुंची। टीम ने देर शाम को गांधी पार्क, ओपन जिम, इंडोर स्टेडियम, स्पोर्ट्स बैंक एवं फुटबॉल छात्रवास का दौरा किया। इन सभी कार्यों से आसपास के लोगों को मिलने वाली सुविधाओं से अवगत हुए एवं प्रोजेक्ट्स की विशेषताओं को समझा। दो दिन के इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आईएएस प्रशिक्षुओं की टीम ने जिले के कुछ बेहतरीन कार्यों को देखा, समझा एवं उसका अध्ययन किया। जिले के उत्कृष्ट सफलताओं के पीछे के परिश्रम एवं चुनौतियों को जान कर न केवल वे प्रभावित नजर आए बल्कि इन सभी चुनौतियों से सीख हासिल की। प्रशिक्षुओं की टीम ने इन सभी उत्कृष्ट कार्यों के पीछे उपायुक्त सुशांत गौरव के लक्ष्यों एवं उनके बेहतरीन मार्गदर्शन की प्रशंसा की।

## शहर में पांच दिनों से जलापूर्ति व्यवस्था बाधित होने से लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तपती गर्मी में एसी रूम में बैठे अधिकारियों को आम जनता की फिक्र नहीं है : रमेश चीनी**

**गुमला।** शहर में पांच दिनों से जलापूर्ति व्यवस्था बाधित है और जिम्मेदार अपनी जिम्मेवारी से पीछे भाग रहे हैं। विभागीय अधिकारी जलापूर्ति बाधित होने का कारण बताने तक के लिए फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं और जिले के वरीय अधिकारी जनता की समस्या से अनजान बने बैठे हैं। जिस कारण शहरवासियों के सब्र का बांध टूट रहा है और लोग आंदोलन के मूड में आ रहे हैं। गुमला शहर में इन दिनों लगातार कभी पाईपलाइन क्षतिग्रस्त, तो कभी बिजली की कमी जैसे कारणों की वजह से जलापूर्ति बंद हो जा रही है। जिस कारण आम जनता के बीच पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। चूंकि शहर की आधी आबादी सप्लाई वाटर पर निर्भर है और अधिकांश इलाके ड्राइजोन की श्रेणी में आते हैं। जिस कारण सप्लाई वाटर ही सबसे बड़ा सहारे के रूप में काम करता है। लेकिन गुमला में नियमित जलापूर्ति दूर की कौड़ी साबित हो रही है। नगर परिषद, पीएचईडी व बिजली विभाग एक-दूसरे पर थोपा थोपी कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं और भुगतना जनता को पड़ रहा है। अभी पारा 40 डिग्री के करीब है। आगे उगलते इस तापमान के बीच आम जन पानी की जुगत में पसीने से तर बतर हो रहे हैं। कई ऐसे क्षेत्र भी हैं जहां सरकारी व सार्वजनिक जलस्त्रोतों पर निजी कब्जा कर लिया गया है। जिससे भी परेशानी बढ़ गई है। नगर परिषद अधिकारी को जलस्त्रोतों पर कब्जा की जानकारी देने के बावजूद वे कार्रवाई करने में हिचक रहे हैं।

इधर भारतीय वैश्य चेतना महासभा के जिलाध्यक्ष सह चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने इस कुव्यवस्था के लिए प्रशासन को दोषी ठहराया है। कहा है कि तपती गर्मी में एसी रूम में बैठे अधिकारियों को आम जनता की फिक्र नहीं है। यदि दो दिनों में जलापूर्ति बहाल नहीं होती है, तो थाली पिटावन अभियान के तहत जनसहयोग से पीएचईडी का घेराव किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## कार्तिक बाल विकास उच्च विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** कार्तिक बाल विकास उच्च विद्यालय टंगरा टोली में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे प्रबंध कमेटी के द्वारा छात्रों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गयी। इस मौके पर पूर्व शिक्षामंत्री गीताश्री उरांव ने कहा शिक्षा ही अनमोल रत्न है। मैट्रिक जीवन का पहला पायदान है। क्षेत्र के कई छात्र इस स्कूल में पढ़कर भविष्य संवार रहे हैं। खेल कूद के साथ पढ़ाई को प्राथमिकता दें। इसी तरह हर वर्ष शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण करें। उन्होंने कहा कॉलेज जाने के बाद छात्र भटक जाते हैं और शराब का भी सेवन करते हैं लेकिन नशा पान स दूर होकर अपने कैरियर को बनाने में पहली प्राथमिकता दें। यह विद्यालय कार्तिक बाबा से जुड़ा हुआ है। कार्तिक बाबा ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहकर देश विदेश में पढ़ाई कर लोगों की सेवा की है। उनके पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष लोहरा उरांव ने कहा कि यहां पढ़ने वाले बच्चे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं। बुनियादी सुविधा का अभाव के बावजूद प्रतिवर्ष शत प्रतिशत उत्तीर्ण होकर छात्रों ने मिसाल कायम की है। इस वर्ष 59 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिसमें टॉप टेन छात्र डिस्टिंक्शन से उत्तीर्ण हुए हैं। समारोह में सुधीर भगत (91.6%), पूजा उरांव, श्वेता कुमारी, आशीष भगत, मनीषा कुमारी, रंजना कुमारी, अंजू लकड़ा, ज्योति उरांव, छोटी कुमारी, रोशनी उरांव को ट्रॉफी, डिक्शनरी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश सचिव सुशील उरांव, प्रबंध कमेटी सचिव सचिदानंद उरांव, रामकिशुन उरांव, प्रधानाध्यापिका सुनिता मिंज, शिक्षक कार्तिक उरांव, सुखदेव उरांव, रामनिवास साहू सहित शिक्षक, छात्र व अभिभावक उपस्थित थे।

## अंबवा में पागल कुत्ते के काटने से चार लोग हुए घायल, ग्रामीणों ने कुत्ते को मार डाला

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना अंतर्गत आंबुआ गांव में पागल कुत्ते के हमले से चार लोग घायल हो गए। घायलों में आंबुआ निवासी छह वर्षीय नवीन गोप पिता मती गोप, 19 वर्षीय जितेंद्र मिंज, अब्दुल्लाह अंसारी व एक अन्य युवक शामिल है। घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उन्हें एंटी रेबीज का इंजेक्शन दिया गया। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया एक पागल कुत्ता सुबह से गांव में घूम रहा था। वहीं सुबह एक युवक को पैर में काट लिया। जिसके बाद वह भाग गया। अपराह्न 3:00 बजे फिर वापस आया और एक छह वर्षीय बच्चे सहित दो लोगों को काट लिया। वहीं पागल कुत्ते के क्षेत्र में घूमने से लोगों में भय व आतंक देखा जा रहा है। कुत्ता लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर काटने का प्रयास कर रहा था। जिसके बाद ग्रामीणों ने पागल कुत्ते को मार दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह कुत्ता कई बकरियों पर भी हमला कर चुका है और उन्हें काट लिया है।

## भीषण गर्मी में बिजली-पानी की समस्या से जूझ रही हैं सिसई प्रखंड क्षेत्र की जनता

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बिजली और पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं प्रखंड के लोग। बेतहाशा बढ़ी गर्मी के बीच पानी व बिजली नहीं मिलने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। एक ओर जहां करोड़ों रुपए की लागत से प्रखंड के शहरी क्षेत्र में बनी पानी टंकी से पानी की सप्लाई लगभग 20 दिनों से ठप होने से लोग पीने के पानी व रोजमर्रा की जरूरत के लिए पानी की व्यवस्था में दर दर भटकने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर बीते एक सप्ताह से बिजली विभाग के द्वारा चौबीस घंटे में महज 4 से 6 घंटे बिजली आपूर्ति किए जाने से आम जनता भीषण गर्मी में त्रस्त है। पूरे प्रखंड क्षेत्र की बिजली की आंखमिचौली से लोग हैरान-परेशान हैं। दिन में बिजली गायब रहने से बिजली से जुड़े व्यवसाय व रोजगार ठप पड़ गये हैं। रात-रात भर बिजली नहीं होने से बच्चों का पठन-पाठन पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र में गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशुओं, मरीजों, बुजुर्गों सहित आम लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। रात भर बिजली गुल होने से लोग रातजगा कर समय काटने को मजबूर हैं। पानी व बिजली की समस्या से जूझ रही जनता स्थानीय नेता-जनप्रतिनिधियों, संबंधित विभागों व प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए आंदोलन करने का मन बना रही है।

## बिशुनपुर के गुरदरी थाना क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के युवक का शव बरामद

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुरदरी थाना क्षेत्र के नेतरहाट घाटी स्थित मिलिट्री मोड़ से नीचे एक टांड़ से छत्तीसगढ़ के बलरामपुर लरिमा गांव निवासी 32 वर्षीय रामप्रसाद नामक व्यक्ति का लावारिश अवस्था में शव शनिवार को गुरदरी पुलिस ने बरामद किया है। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के एड्रेस अनुसार परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस को परिजनों ने बताया कि रामप्रसाद प्रखंड के बनालात गांव स्थित एक विवाह कार्यक्रम में भाग लेने आया था, जहां से वह लौटकर घर वापस नहीं गया। बताया जाता है कि रामप्रसाद जिस गाड़ी से आया था वह गाड़ी चली गई और वह गांव में ही छूट गयी। जिसके बाद रामप्रसाद जंगल के रास्ते पैदल ही छत्तीसगढ़ जा रहा था। संभावना जतायी जा रही है कि लू लगने के कारण रामप्रसाद गिर गया होगा और उसकी मौत हो गई होगी।

## बॉक्साइट ट्रक को बोलेरो ने मारी पीछे से टक्कर, नौ लोग हुए घायल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जतरा टाना भगत विद्या मंदिर के समीप घाघरा-नेतरहाट मुख्य मार्ग पर पूर्व से खड़े बॉक्साइट ट्रक को नेतरहाट जा रहा बोलेरो पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क पर पलट गया। जिससे बोलेरो चालक जत्रु खेरवार व सावित्री कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि नेहा कुमारी, नितेश महतो, अंजली कुमारी, रश्मि कुमारी, संदीप महतो, प्रिया कुमारी, राहुल महतो को चोट पहुंची। स्थानीय लोगों द्वारा आनन-फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल जत्रु एवं सावित्री को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर में चल रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त बोलेरो में सवार सेरका घाघरा एवं नवागढ़ के लोग नेतरहाट सनसेट देखने जा रहे थे।

**कार्यक्रम :** चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रन्हे में प्रखंड स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन

# प्रखंड के सभी स्कूलों के टॉप 10 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**और कड़ी मेहनत करके समाज के उत्थान के लिए बेहतर कर दिखाना है : बीडीओ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को चिल्ड्रन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल रन्हे घाघरा में किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि घाघरा बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने मौजूद विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आपने जो कड़ी मेहनत की है इसका एक छोटा सा फल आज सम्मान समारोह में आपको सम्मानित होने का मौका मिल रहा है। इसे उत्साह के रूप में लेना है। और कड़ी मेहनत कर के समाज के उत्थान के लिए बेहतर कर दिखाना है। वहीं मौजूद विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भविष्य संवारने का गुर सिखाते हुए कहा कि जिस लगन से आज आपने यह मुकाम हासिल किया है कि प्रखंड स्तरीय सम्मान समारोह में आपको सम्मानित होने का मौका मिल रहा है। इसी लगन से आप निरंतर शिक्षा को महत्त्व दें। एक लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी में प्राथमिकता के साथ पढ़ाई करें। इसके पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### इन विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**सम्मान समारोह में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विद्यालयों से मैट्रिक व इंटर के टॉप 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मैट्रिक के टॉप 10 विद्यार्थियों में प्रथम स्थान पर चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल रंहे से अमन साहू, द्वितीय और तृतीय स्थान पर संत युद्ध उवि नौडीहा के रणधीर यादव और नितेश यादव, विवेकानंद पब्लिक स्कूल आदर आर्यन राज प्रजापति, चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल रंहे निशांत कुमार, जय सरना लूरकुड़िया स्कूल देवाकी नेहा कुमारी, संत युद्ध उवि नौडीहा मनीष राज यादव, मॉडल स्कूल घाघरा रोहित महतो, कस्तूरबा बालिका विद्यालय घाघरा सुशांति उरांव, कस्तूरबा विद्यालय घाघरा आराधना कुमारी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नौडीहा हिमांशु पांडे, विवेकानंद पब्लिक स्कूल आदर से नेहा कुमारी के नाम शामिल हैं।**

आपने कड़ी मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम किया रौशन : अनिरुद्ध चौबे

अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि आपसब ने जो परीक्षा परिणाम प्राप्त किया है। आप सब बधाई के पात्र हैं। आपकी कड़ी मेहनत और लगन से आप अपने विद्यालय, अपने माता-पिता व समाज का नाम रोशन करने में महती भूमिका निभाए हैं। आप इसी तरह कड़ी मेहनत से शिक्षा पर अपना ध्यान बनाये रखें। जिससे आपको भविष्य में सफलता जरूर मिलेगी। सम्मान समारोह में मौजूद प्रखंड प्रमुख सविता देवी समाजसेवी अगस्टिन महेश कुजूर, कृष्णा कुमार लोहरा सहित कई अतिथियों ने अपने विचार प्रकट किए और विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की।

सम्मान समारोह में सभी विद्यालय के शिक्षकों को आयोजक टीम के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल के निदेशक विजय कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि संजीव, ग्राम बिशुनपुर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि संजय, ग्राम जय पप्पू लाल उरांव, अजय कुमार साहू, शीला, रामकिशोर राम, भवानी प्रसाद राय, प्रमोद पाठक, राजेश महतो, बिंदेश्वर साहू, मुकेश मनी पाठक सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद पुलिस व आरपीएफ ने नवाडीह स्टेशन परिसर को कराया अतिक्रमण मुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के काजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन को हुसैनाबाद पुलिस प्रशासन और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण मुक्त करवा दिया। इससे पहले रेल प्रशासन ने स्टेशन परिसर में संचालित सभी दुकानदारों को नोटिस जारी कर दो दिनों के अंदर स्टेशन परिसर को खाली करने का आदेश दिया था। इसके बावजूद जब चिकन सेंटर, फल विक्रेता, सैलून, ठेला, किराना दुकानदार, कपड़ा दुकान, लांड्री, होटल, पान दुकान आदि दुकानदारों ने स्टेशन परिसर को खाली नहीं किया तो प्रशासन ने जेसीबी लगाकर स्टेशन परिसर को अतिक्रमण मुक्त कर दिया। इस दौरान पुलिस एवं दुकानदारों में नोकझोंक भी हुई। अतिक्रमण मुक्त हो जाने से रेलवे स्टेशन परिसर अब खाली हो गया है, जिससे रेलवे का कंस्ट्रक्शन का काम बाधित नहीं होगा। लेकिन छोटे दुकानदारों के सामने बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है, क्योंकि उनका रोजी-रोटी का साधन दुकान ही था। उधर, विस्थापित हुए दुकानदारों ने प्रशासन से अन्यत्र सरकारी जगह उपलब्ध कराकर दुकान संचालित करवाने की मांग की है। इस मौके पर आइओडब्ल्यू अनिल कुमार, आइपीएफ राजेश कुमार मीना, नबीनगर आरपीएफ के एसआई नीतीश कुमार, पीके ओझा, दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा, हुसैनाबाद के एसआई मनोज कुमार, अरविंद, अजय यादव, विनय कुमार, विनोद गुप्ता, हामिद, अंसारी, संजय राम, उपाध्या सिंह सहित कई रेल कर्मी व हुसैनाबाद थाना और दंगवार ओपी के जवान उपस्थित थे।

### विश्रामपुर में हुई बसपा की समीक्षा बैठक, संगठन की मजबूती और विस्तार पर चर्चा

# सत्ता में निहित है संपूर्ण विकास की कुंजी : गया चरण दिनकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** बसपा का विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक शनिवार को विश्रामपुर डांक बंगला परिसर में हुई। जिसमें विश्रामपुर विस क्षेत्र के तहत आने वाले चार प्रखंड व एक नगर निकाय के नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती व विस्तार पर चर्चा की गयी। इसके अलावा 2024 लोकसभा चुनाव के तैयारी की समीक्षा की गयी। कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में पूरे दमखम के साथ लड़ने का संकल्प लिया। बसपा के वरीय प्रदेश प्रभारी गया चरण दिनकर ने कहा कि बहुजन समाज के लोग मताधिकार की ताकत को समझें। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संपूर्ण विकास की कुंजी राजनीतिक सत्ता में निहित है, जो मताधिकार के सही उपयोग से ही हासिल हो सकता है। मताधिकार का यह ताकत हमें बाबा साहब ने दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कई सुझाव भी दिया। वहीं, प्रदेश प्रभारी रामबाबू चिरगाईया ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के लिए बहुजन समाज को अपने मताधिकार का पूरा उपयोग करना होगा। जबकि प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि बहुजन समाज अब राजनीतिक रूप से जगरूक हो चुका है। आनेवाला समय बहुजन समाज का है। जरूरत है चट्टानी एकता के साथ पार्टी के लिये संघर्ष करने की। इस मौके पर प्रदेश महासचिव मनीष सिंह, प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार, वरीय बसपा नेता गोपाल राम, विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष वंशी चौधरी, नावाबाजार प्रखंड अध्यक्ष राजबली मेहता, पांडु प्रखंड अध्यक्ष विजय मंडेला, सुनील राम, नागेंद्र पांडेय, छोटन बैठा, मुकेश मेहता, रोहित मेहता, जयप्रकाश मेहता, डॉ राजेश राम, धर्मेंद्र ठाकुर, राजू राम, रामचरण राम, सुनीता देवी, राजबली राम, वीरेंद्र राम, सुनेशवर राम, अजय राम, अशोक कुमार, शिव पुकार राम और गोविंद चौधरी आदि मौजूद थे।




समीक्षा बैठक में शामिल बसपा नेता।

## एसबीआइ के शिविर में बीमा योजना की दी गयी जानकारी

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** एसबीआइ के विश्रामपुर शाखा की ओर से बघमनवा पंचायत सचिवालय में जन सुरक्षा योजना अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान बीमा से जुड़ी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम व संचालन एसबीआइ के शाखा प्रबंधक नितेश कुमार ने किया। शिविर में मेदिनीनगर क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार झा व मुख्य ऋण प्रबंधक संतोष कुमार झा भी शामिल हुए। शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रेम कुमार झा में कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति व सुरक्षा बीमा योजना बहुत ही लाभकारी है। बीमाधारक को एक वर्ष के लिए जीवन कवरेज प्रदान करती है। अपनी पसंद के अनुसार बीमाधारक किसी भी समय योजना से बाहर निकल सकता है और भविष्य में इसे फिर से शुरू भी कर सकता है। पॉलिसी में अधिकतम दो लाख रुपये का बीमा किया जाता है। वहीं, संतोष कुमार झा ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना किसी बीमा धारक की मृत्यु या दुर्घटना दिव्यांगता पर सरकार द्वारा आर्थिक मदद प्रदान कराता है। शिविर में कई लोगों का बीमा भी किया गया। साथ ही तीन लोगों को बीमा योजना का लाभ दिया गया। जिसके तहत लीलावती देवी, तेतरी देवी व अनिल कुमार चौहान को दो-दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनीष कुमार, दया शंभू राम आदि मौजूद थे।

# एफएफसी में लें केएफसी का मजा : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने ख्याति प्राप्त केएफसी की तर्ज पर शनिवार को एफएफसी का उद्घाटन किया। कहा कि एफएफसी इंदौर की फ्रेंचाइजी है जो पूरे देश में केएफसी को टक्कर दे रही है। जिसका हमारे शहर, रेडमा चौक स्थित ट्रेंड मॉल के नीचे भी शुभारंभ हो गया। अब शहर के लोग भी चिकन लॉलीपॉप, फिंगर फ्राइ जैसे व्यंजनों का लुफ्त उठा सकेंगें। कहा कि मुझे खुशी है कि व्यवसाय की तलाश में जो युवाओं का पलायन हमारे शहर से हो रहा था अब वह शहर में कई संभावनाएं देख रहे है। शहर में ही नए-नए प्रतिष्ठान खुल रहे, जिसमें कईयों को रोजगार भी मिल रहा है। उन्होंने प्रतिष्ठान के युवा निदेशक अंशु कुमार गुप्ता को बधाई भी दी। इस अवसर पर पार्षद विवेका त्रिपाठी, धनंजय त्रिपाठी, सुनील गुप्ता, फिरोज उद्दीन अंसारी, छायाकार छोटू गुप्ता के अलावे शहर के कई गणमान्य महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## आंचल कार्यालय से वृद्ध व्यक्ति को कॉलर पकड़ कर बाहर निकाला

**आम जनता से दुर्व्यवहार करने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ झामुमो कार्रवाई के पक्ष में : चंदन**

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय में कर्मियों के तानाशाह रवैये का सिलसिला बदस्तूर जारी है। ऐसा ही नजारा शनिवार को एकबार फिर देखने को मिला। तेनुडीह निवासी अंतू राम ने बताया कि अचंल कार्यालय से मुझे जमीन संबंधित एक नोटिस भेज कर बुलाया गया था। वे अंचल कार्यालय पहुंचे और सीइओ साहब के सामने अपनी बात रख रहे ते। तभी उन्होंने (सीओ) ने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया। यही नहीं, उनके कहने पर कार्याल में उपस्थित गार्ड ने कॉलर पकड़ कर उन्हें बाहर निकाल दिया। इसके बाद अंतू राम की पत्नी 20 सूत्री कार्यलय पहुंची और अपनी समस्या बताई। इस संबंध में छतरपुर प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह झामुमो के केंद्रीय कमेटी के सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि यदि किसी भी पदाधिकारी की ओर से आम जनों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है तो वह गलत है। झामुमो ऐसे पदाधिकारियों को स्वीकार नहीं करेगा। याद रहे कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार है। पदाधिकारियों को जनता की बातों को सुनना होगा और निराकरण करना होगा। यदि जनता के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार होता है तो झामुमो ऐसे पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने में तनिक भी पीछे नहीं हटेगी। हम जनता के साथ हमेशा खड़े हैं। यदि ऐसी कोई लिखित शिकायत मिलती है तो मुख्यमंत्री से भी इससे संबंधित शिकायत की जाएगी।








































आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 18 जून, 2023
www.azadsipahi.in


### छह लोगों की हालत गंभीर, एसएनएमएमसीएच किया गया रेफर, एक-दूसरे पर लगाया हमले का आरोप

# दो पक्षों में जम कर मारपीट, दर्जनों घायल

**रात में पत्थरबाजी किए जाने की घटना को लेकर बढ़ा विवाद, पुलिस ने शुरू की जांच**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के कालीमंडा में शुक्रवार की रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। इस घटना में करीब एक दर्जनों लोग घायल हुए हैं। घटना को लेकर एक पक्ष ने बताया कि पिछले एक महीने से बस्ती में असामाजिक तत्वों की ओर से पत्थरबाजी की जा रही थी। इसमें कई लोग घायल भी हुए थे। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी गई थी। दो दिन पूर्व ही पत्थरबाजी करते हुए कुछ लड़कों को रंगेहाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले भी किया गया था। उस समय पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता करा बांड भरा कर छोड़ दिया था। पर शुक्रवार की रात बिजली गुल होने के बाद पूर्व में पकड़े गए


मारमीट की घटना में घायल युवक।


कुमारधुबी ओपी के समक्ष उपस्थित लोग।


हमले में घायल महिला।

आरोपीयों की ओर से फिर पत्थरबाजी की गयी। इसका विरोध किया गया तो घात लगा कर बैठे लगभग 20-25 युवकों ने हमला बोल दिया। वे लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही लाठी-डंडे एवं लोहे की रॉड से हमला किया गया, जिसमें दर्जनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां छह लोगों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने रात में ही कुमारधुबी ओपी पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। पर पुलिस के समझाने के बाद आक्रोशित ग्रामीण वापस लौट गए। वहीं, दूसरे पक्ष का कहना है कि मोहल्ले में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा शराब बिक्री की जाती है। इसका विरोध करने पर पत्थरबाजी का आरोप लगा रहे हैं। बस्ती के कम उम्र के बच्चें भी शराब का सेवन करने लगे हैं। विरोध करने पर शराब विक्रेता मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। कुछ ऐसा ही मामला शुक्रवार की रात हुआ जिसमें तीन लोग घायल हो गए। दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि जब कुमारधुबी पुलिस के पास पहुंचे तो उन्होंने हमारा आवेदन लेने से इन्कार कर दिया। जब इसकी सूचना स्थानीय मुखिया को दी तो वह भी नहीं आए। दूसरी ओर, पूरे घटना को लेकर कुमारधुबी ओपी प्रभारी संदीप कुमार यादव ने बताया कि कालीमंडा पॉपुलर नर्सिंग होम के पीछे दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है जिसमें कुछ लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

## झारखंड कैडेट जूडो चैंपियनशिप में भाग लेने देवघर पहुंची धनबाद की टीम

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य कैडेट जूडो चैंपियनशिप में भाग लेने धनबाद जिला जूडो की टीम शनिवार को देवघर पहुंची। इसकी जानकारी धनबाद जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 30 सदस्यीय टीम में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, डीएवी



कोयला नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच, धनबाद मार्सेल आर्ट सेंटर समेत अन्य संस्थानों के खिलाड़ी शामिल हैं। कोच के रूप मे राहुल शर्मा, सरिता कुमारी और मैनेजर अक्षय कुमार हैं। स्टेट चैंपियनशिप में धनबाद से चार निर्णायक पप्पू कुमार, आरती कुमारी, सुदीप चक्रवर्ती और सोमनाथ भट्टाचार्य बनाए गए हैं। दो दिवसीय चैंपियनशिप का फाइनल रविवार को होगा।


### उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा।
(जिला पंचायत शाखा)

**सूचना**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों को दिनांक 22.06.2023 को अपराह्न 1.00 बजे से मोरहाबादी मैदान, राँची में माननीय मुख्यमंत्री महोदय के स्तर से नियुक्ति पत्र वितरण से संबंधित सूचना।

उप निदेशक, पंचायत राज झारखण्ड, राँची के 1430 दिनांक 15.06.2023 के आलोक में विज्ञापन संख्या 01/2017 (नियमित नियुक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों को माननीय मुख्यमंत्री महोदय के स्तर से नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम दिनांक 22.06.2023 को अपराह्न 1.00 बजे से मोरहाबादी मैदान, राँची में निर्धारित है।

1. पुरूष – सफेद फूल शर्ट एवं गहरे रंग (काला, काफी, भूरा, नेभीब्लू) का फूलपैंट तथा जूते, महिलाएँ प्लेन साड़ी अथवा हल्के रंग का सलवार सूट।

अतः उक्त के आलोक में सिमडेगा जिला के लिए पंचायत सचिव पद हेतु अनुशंसित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त औपचारिक परिधान में शामिल होने हेतु आवश्यक व्यवस्था ससमय कर लिया जाय। अन्य जानकारी हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सिमडेगा के मो0–7992455575 से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 300369 Panchayati Raj(23-24)D



### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांक........................खूँटी, दिनांक..................

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 KNP/13/2023-24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 19.06.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26.06.2023 को 2.00 बजे अपराह्न् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.06.2023 को 3.00 बजे अपराह्न्।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।

**कार्य का विवरण**

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0. पै0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0. पै0) | अग्रधन की राशि (रू0. पै0) | कार्यादेश निर्गत होने से कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड नं0 07 के खूँटी थाना कैम्पस में डीप बोरिंग एवं समरसेबल लगाने का कार्य। | 6,73,489/- | 5,000/- | 2% of Esmitated BOQ | 30 Days |

निविदा के शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,नगर पंचायत, खूँटी

PR 300343 Urban Development(23-24).D



### Khunti Nagar Panchayat

**Very Short RFP (Request for Proposal)**
**2nd Call**

NIT: KNP/14/2023-24 Date 17.06.2023

Sealed Proposal from reputed Agency/Firms are invited for Overall upkeep, maintenance & repair etc for the following works:

| Sl No | Despriction of Package | Earnest Money ( in Rs.) | Tender Fee (In s.) | Minimum Annual Reserve Price (In Rs.) | Period Of Contract |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Operation and maintaince of Sanitation Park, Khunti | 25,000/- | 5,000/- | 2,50,000.00 | 2years |

Proposal shall be accompanied by the EMD of Rs. 25,000/- (Rupees Twenty – Five Thousand only) EMD shall be either in the form of a Bank Gurantee/ Bankers' Cheque/ FDR drawn in favour of Executive Officer, Nagar Panchayat Khunti and payble at Khunti. The EMD of Successful agency shal be returned on submission of Performace Bank Guarantee. The Performace Bank Guarantee (BG) shall be 5% of annual Contrct value as security Deposit.

Detailed Bid document can be purchased from the Office of Undersigned on any working day upto 28.06.2023 by 3:30 PM on payment of Tender Fee Rs. 5,000 (Rupees Five Thousand Only) (Non- Refundable) Through Demand Draft in favour of Executive Officer, Nagar Panchayat Khunti

The last date of submission of proposal in original along with EMD and Tender Fee is 28.06.2023 by 3:30 PM. The technical bid may be opened on 28.06.2023 at 4:00 PM at the office of Executive Ofiicer, Nagar Panchayat Khunti. Executive Ofiicer, Nagar Panchayat Khunti reserves the right to accept or reject an or all tenders in part or fulkl without assigning any reason thereof.

SD/-
Executive Officer
Nagar Panchayat Khunti

PR 300349 Urban Development (23-24)_D


## 20 जून को आयोजित लाभार्थी सम्मेलन की सफलता को लेकर की गयी बैठक



**झरिया (आजाद सिपाही)।** केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 30 मई से 30 जून तक आयोजित भाजपा के महा जनसपंर्क अभियान के तहत आगामी 20 जून को झरिया विधानसभा के अनिल टॉकीज में होने वाले लाभार्थी सम्मेलन की सफलता को लेकर कतरास मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें विधानसभा अंतर्गत मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष , मंडल महामंत्री समेत कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह, जिलाउपाध्यक्ष उमेश यादव, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शैलेष सिह, जिला मंत्री सुमन अग्रवाल, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ध्रुव हरि, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी राजकिशोर जेना भी मौजूद रहे। बैठक में लाभार्थी सम्मेलन की सफलता पूर्वक आयोजन किये जाने पर चर्चा की गई। रागिनी सिंह ने मौजूद कार्यकर्ताओं को कई दिशा निर्देश दिया। कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र में अगर कोई भी कार्यक्रम सफलता पूर्वक होता है तो उसका सारा श्रेय झरिया भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं को ही जाता है। प्रधानमंत्री के 9 वर्षों के कार्यकाल में कई योजनाओं का लाभ झरिया के लोगों को मिला है। योजनाओं से जिनको लाभ मिला है या जो लोग योजनाओं से वंचित रह गए है वैसे सभी लोगों को कार्यक्रम स्थल तक किस प्रकार लाया जाए इस पर विशेष चर्चा की गई। इस मौके पर स्वरूप भटाचार्य, दिलीप आडवाणी, अखिलेश सिंह, दिलीप भारती, अभिषेक पांडेय, अरिंदम बनर्जी, सुजीत सिंह, संजय यादव , संतोष शर्मा, अशोक बर्णवाल समेत कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मतदाता सूची 2024 पुनरीक्षण को लेकर एसडीओ कार्यालय में 19 जून को बैठक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल कार्यालय परिसर में 19 जून को सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी है। इसकी जानकारी देते हुए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने बताया कि यह बैठक विशेष पुनरीक्षण 2024 को लेकर आहूत की गई है। इसमें 79 हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी राजनीतिक दल के लोग मौजूद होंगे। उन्होंने बैठक में सभी राजनीतिक दल के लोगों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

## पुराना बाजार में ननि का चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** पुराना बाजार में सड़क किनारे नाले पर अतिक्रमण कर पक्की दुकान बनाकर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों पर शनिवार को नगर निगम का बुलडोजर चला। बता दें कि बारिश की वजह से अक्सर धनबाद शहर में सड़कों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिसे लेकर निगम की ओर से युद्ध स्तर पर सभी नालों की साफ-सफाई करायी जा रही है। इसी क्रम में पुराना बाजार मुख्य सड़क किनारे नाले की सफाई को लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसमें करीब एक दर्जन दुकानदार जो पक्का निर्माण कर दुकान



बनाकर व्यवसाय कर रहे थे, उन्हें हटा दिया गया है। वहीं दुकानदारों की मानें तो नगर निगम का सहयोग उन्हें मिलता रहा है। नाला की सफाई को लेकर दुकान हटाया गया है। नाला के पीछे की जमीन दुकानदारों को आवंटन की गई थी पर मामला न्यायालय में चलने के कारण जमीन को खाली करना पड़ा है। जिस कारण लोगों ने नाले को अपनी दुकान बना ली थी। सभी दुकानदार स्वेच्छा से अपनी दुकान हटाने में नगर निगम की मदद भी कर रहे हैं।

## बोर्रागढ़ से जब्त दो हाइवा की जांच जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनसार।** बोर्रागढ़ में शुक्रवार की रात कोयला लदे दो हाईवा जब्त किए जाने के बाद झरिया और बोर्रागढ़ पुलिस मामले की पड़ताल मे जुट गई है। एक हाइवा राजापुर कोलियरी से, जबकि दूसरा जिनागोरा से लोड होकर निकला था। मामले की जांच करने बोरागढ़ ओपी प्रभारी मनीष कुमार राजापुर चेक पोस्ट पहुंचे। वहां आरटीपीएस ट्रांसपोर्ट के खाता की जांच की। पाया कि उक्त नंबर की हाइवा आरटीपीएस के अंतर्गत कोयला ढुलाई का काम करता है। शुक्रवार को यह हाइवा राजापुर से निकला था। चेकपोस्ट में मौजूद इंट्री खाता में इस हाइवा का इन-आउट भी अंकित है। वहीं जिनागोरा में भी नंबर हाइवा की इन-आउट खाता में इंट्री मिली।

### ऐसे हो रहा ट्रांसपोर्टिंग की आड़ में कोयला का अवैध धंधा

**पहले तो धंधेबाज ट्रांसपोर्टर और बीसीसीएल से मिलकर अपना हाइवा पासिंग करा लेते है। इसी हाइवा से परियोजना से कोयला लोड कर लेते है। कहीं रास्ते में हाइवा से जीपीएस खोलकर दूसरे वाहन में लगा देते है। इसके बाद हाइवा को अन्यत्र ले जाकर कोयला को खपा दिया जाता है। इधर, जीपीएस लेकर दूसरा वाहन रघुनाथपूर जाकर मिलिभगत से वहां इन-आउट खाते में इंट्री कर दिया जाता है। लौटते वक्त रास्ते में वाहन से जीपीएस निकाल हाइवा मे लगा देते है। वहीं बोर्रागढ़ ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि राजापुर और जिनागोरा चेक पोस्ट जाकर जांच की वहां के इंट्री खाता मे इन आउट अंकित है। पर गलत दिशा व रास्ते मे हाइवा कैसे पहुंचा इसकी छानबीन की जा रही है।**

हालांकि पुलिस ने अभी तक इसे लेकर मामला दर्ज नहीं किया है। पुलिस का मानना है कि दोनों कोयला लोड हाइवा को रघुनाथपुर पावर प्लांट जाना था। जिसका रास्ता जामडोबा होते हुए मोहलबनी दामोदर पुल पार कर जाना चाहिए था। पर दोनों हाइवा के जीपीआरएस से छेड़छाड़ कर गलत रास्ता जामाडोबा पुटकी मार्ग से ले जाया जा रहा था। जेएच 10बीएच 1282नम्बर का हाइवा का मालिक अनथचंद मंडल और जेएच09एक्स 2875 नंबर का हाइवा का मालिक संजय कुमार महथा बताया जा रहा है।


### कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
(अभियंत्रण कोषांग)

Phone Number:- 06526-222064 email-id:lohardagazilaparisad@gmail.com

**ई–निविदा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या –03/2023–24 दिनांक 15.06.2023

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | किस्को | ग्राम पाखर में पाखर यात्री शेड से बंगलापाट स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 9998800.00 | 10000.00 | 20000.00 | 03(तीन) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 21.06.2023 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 27.06.2023/05:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 28.06.2023/01:00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 28.06.2023/05:00 बजे पूर्वाह्न |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 7 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट –1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Canमें निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR.NO.300330 Lohardaga(23-24):D


### बोकारो स्टील प्लांट के कार्मिक विभाग के ठेका मजदूर प्रकोष्ठ की ओर से संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# ठेका श्रमिकों को भी प्लांट के हित को ध्यान में रखते हुए करना होगा काम: वीरेंद्र तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** स्टील प्लांट के कार्मिक विभाग के ठेका मजदूर प्रकोष्ठ की ओर से विभिन्न कार्यादेशों के प्रभारी अभियंताओं और कार्मिक विभाग के अधिकारियों के लिए शनिवार को संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानव संसाधन विकास के मुख्य सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 250 प्रतिभागी शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को ठेका श्रमिकों को मिलने वाली न्यूनतम मजदूरी दर, भविष्य निधि से संबंधित लाभ, कर्मचारी राज्य बीमा के अंतर्गत प्राप्त होने वाली सुविधाओं आदि की जानकारी देना था, जिससे वे अपने अंतर्गत


संवाद कार्यक्रम में उपस्थित ठेका मजदूर प्रकोष्ठ के लोग व अधिकारी।

कार्यरत श्रमिकों को यथोचित लाभ सुनिश्चित करवा सकें। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी एवं अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में सभी उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरि मोहन झा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रबंधक (कार्मिक-ठेका मजदूर प्रकोष्ठ) पंकज कुमार ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ठेका श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाओं से संबंधित जानकारी साझा की। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अधिशासी निदेशक (संकार्य) ने कहा कि वर्तमान समय में प्लांट की प्रगति में ठेका श्रमिकों के योगदान की अनदेखी नहीं की जा सकती है। यह हमारी जिम्मेवारी बनती है कि उन्हें प्राप्य समुचित सुविधाएं उन तक पहुंचे, लेकिन इसके साथ ही ठेका श्रमिकों को भी प्लांट के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करना है। गलत कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने वाली किसी भी प्रथा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) ने कहा कि ठेकेदारों द्वारा अधिसूचित दरों से श्रमिकों को मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के लिए बोकारो स्टील प्लांट प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित करने में प्रभारी अभियंताओं और कार्मिक विभाग के अधिकारियों का बहुत बड़ा योगदान है। सभी के सम्मिलित प्रयासों से मौजूदा प्रणालियों में और भी सुधार लाया जा सकेगा। ओपन हाउस सत्र में अधिशासी निदेशक (संकार्य) एवं अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) ने प्रतिभागियों के सुझावों को सुना एवं उनकी जिज्ञासाओं का निवारण भी किया। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक (कार्मिक-ठेका मजदूर प्रकोष्ठ) प्रांजलि ने किया।


### कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा

**मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर**

**अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड**

एतद् द्वारा चतरा जिला के स्थानीय मत्स्य कृषकों/मछुआरों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में विभागीय राज्यादेश सं0 07, दिनांक 13.06.2023 के आलोक में "फीड बेस्ड फिशरीज" योजना ( आहार आधारित मछली पालन) से तालाब में मछली उत्पादन में बढ़ोत्तरी के लिए मत्स्य कृषकों को प्रति किलोग्राम 50 प्रतिशत अधिकतम अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड(मछली का आहार) उपलब्ध कराया जाएगा।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | अनुदान हेतु अधिकतम फीड के क्रय की मात्रा | प्रति कि0ग्रा0 अनुदान की राशि | अधिकतम अनुदान की राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2 mm. अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड | 700 कि0ग्रा0 | 18/– प्रति कि0ग्रा0 | 12600/– | लाभुक द्वारा खुले बाजार से क्रय कर GST बिल कार्यालय की उपलब्ध कराया जायेगा। अनुदान की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |
| 2 | 2mm से बडे 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड | – | 22/– प्रति कि0ग्रा0 | – | विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही यह लाभ कृषकों को फीड के रूप में ही दिया जाएगा। |

(नोट : 1. खुले बाजार को फैक्ट्री उत्पादित फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड का क्रय किसी भी मान्यता प्राप्त अधिकतम विक्रेता से किया जा सकता है, परन्तु अधिकृत विक्रेता जिनसे फैक्ट्री उत्पादित फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड का क्रय किया जा रहा है, के पास GST In No. होना अनिवार्य है।
2. यह योजना पहले आओ, पहले पाओं के आधार पर संचालित है। किसी भी कार्य दिवस में आवेदन को जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा में जमा किया जा सकता है।

उप मत्स्य निदेशक,
मत्स्य कार्यालय, चतरा

PR 300355Fish(23-24)#D

## जेएसपी फाउंडेशन और डीटीएसआरडीएफ की पहल

# ग्रामीण क्षेत्रों में हॉकी को बढ़ावा देने के लिए मेगा कार्यक्रम शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता






**भूवनेश्वर राउरकेला।** जेएसपी फाउंडेशन और दिलीप तिर्की स्पोर्ट्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन (डीटीएसआरडीएफ) ने आज बीजू पटनायक हॉकी स्टेडियम, राउरकेला में ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर हॉकी को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से एक मेगा कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सुंदरगड जिले में जमीनी स्तर पर हॉकी के विकास और प्रचार के लिए इस मेगा कार्यक्रम 'वन स्टेप फॉरवर्ड' को वर्चुअल मोड में लॉन्च किया। दिलीप तिर्की स्पोर्ट्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से जेएसपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में हॉकी प्रतिभा की खोज करना है। अपने वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने जेएसपी फाउंडेशन और डीटीएसआरडीएफ के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इससे जमीनी स्तर पर हॉकी को और मजबूती मिलेगी। आयोजित कार्यक्रम में श्रम और कर्मचारी राज्य बीमा मंत्री श्री शारदा प्रसाद नायक, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री प्रीति रंजन घडाई और खेल एवं युवा सेवा मंत्री श्री तुषार कांति बेहेरा और डीटीएसआरडीएफ के अध्यक्ष पद्म श्री डॉ. दिलीप तिर्की उपस्थित थे। अपने संदेश में, श्रीमती शालू जिंदल ने कहा, अगर बच्चों को सही उम्र में खेलने के लिए उचित प्रशिक्षण और अन्य आवश्यक सीखने का माहौल प्रदान किया जाता है तो ओडिशा हॉकी बहुत आगे जायेगी। हम गांवों में युवा हॉकी प्रतिभाओं को प्रतिपोषण और पोषण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री नवीन जिंदल ने न केवल ओडिशा बल्कि पूरे देश में हॉकी को बढ़ावा देने के लिए हॉकी के प्रति मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता की सराहना की। इस मौके पर बोलते हुए पद्मश्री डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा कि हॉकी जमीनी स्तर पर नींव है, अगर हम इसे मजबूत करेंगे तो हम कभी पीछे मुड़कर नहीं देखेंगे। वहीं जेएसपी फाउंडेशन ने जिले के 10 राजस्व ब्लॉकों में 5000 उभरते हॉकी खिलाड़ियों को हॉकी किट, हॉकी स्टिक, बॉल और जर्सी वितरित की।

विधायक सुब्रत तराई सुंदरगड एसडीसी के अध्यक्ष विनय टोप्पो, पूर्व मंत्री मंगला किसान, ओलंपियन और हॉकी के दिग्गज ध्यानचंद अशोक कुमार, बीरेंद्र लाक्रा, इग्नेश तिर्की, पूर्व हॉकी कोच द्रोणाचार्य अजय बंसल, महिला हॉकी तारका सुभद्रा प्रधान इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

डोमिनिक टोप्पो जिन्होंने ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया है और 13 अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी तैयार किये हैं। हॉकी में उनके जीवन भर के योगदान के लिए जेएसपी फाउंडेशन की ओर से 25 हजार रुपये के अनुदान से सम्मानित किया गया।

जेएसपी फाउंडेशन उभरते खिलाड़ियों को खेल किट, पोषण संबंधी सहायता और अन्य शैक्षणिक सहायता प्रदान करेगा, जिन्हें डीटीएसआरडीएफ द्वारा पहचाना और प्रशिक्षित किया जायेगा।

## नुआपड़ा में ट्रॉमा केयर सेंटर के लिए 75.70 करोड़ रुपये मंजूर

**भुवनेश्वर नुआपड़ा।** राज्य सरकार ने नुआपड़ा जिला मुख्य अस्पताल में आधुनिक ट्रॉमा केयर सेंटर के निर्माण के लिए 75.70 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की प्रशासनिक सचिव श्रीमती शालिनी पंडित ने संबंधित अधिकारियों को परियोजना के लागत अनुमान को प्रशासनिक स्वीकृति देकर निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नियमों के अनुसार, इसमें अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण, आई. सी. यू ऑब्जर्वेशन रूम, लैब और इमेजिंग आदि सुविधायें होंगी। प्रदेश के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में अब तक 106 ट्रॉमा केयर सेंटर की व्यवस्था की जा चुकी है। इन सभी में 1560 बेड हैं। इसके अलावा ट्रॉमा केयर उपचार के लिए 18 निजी विशेषज्ञ अस्पतालों के ट्रॉमा सेंटरों को भी सूची में शामिल किया गया है। सूचनायोग्य ट्रॉमा केयर फ्री ट्रीटमेंट फंड भी राज्य सरकार द्वारा ट्रॉमा पीड़ितों को निजी अस्पताल ट्रॉमा सेंटर में मुफ्त इलाज मुहैया कराने के लिए स्थापित किया गया है।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in












# एमसीएल के प्रांगण में राजोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया



**भूवनेश्वर/सबंलपुर (आजाद सिपाही)।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के प्रांगण में दी 15/06/2023 को रजोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ0(श्रीमती) रेणु अग्रवाल, अध्यक्षा, CILOWS और भावी अध्यक्षा श्रीमती बिमला प्रसाद तथा अन्य अतिथियों द्वारा मंगलदीप प्रज्ज्वलन के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। एमसीएल के विभिन्न क्षेत्रों तथा एमसीएल मुख्यालय द्वारा रजोत्सव के अवसर पर विभिन्न रंगारग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। महिला सभा की सचिव श्रीमती आशा चौधरी ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में प्रत्येक व्यक्ति के प्रति आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। श्रीमती विनिता सिन्हा और श्रीमती अलका मेहेरा ने इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

## `30 से अधिक दुर्लभ प्रजातियों के संरक्षण के लिए बटरफ्लाई पार्क की स्थापना

**भूवनेश्वर झारसुगुड़ा(आजाद सिपाही)।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में एक नया बटरफ्लाई पार्क स्थापित किया है। इस पार्क में संरक्षण के लिए 100 से अधिक पौधों की प्रजातियों का चयन किया गया है जो 30 से अधिक दुर्लभ और उत्तम प्रजातियों को आकर्षित करेगा। तितलियों, दुर्लभ फूलों वाले पौधों, पक्षियों, मधुमक्खियों आदि के लिए स्थानीय वनस्पतियों और जीवों के साथ एक इको पर्यावरण बनाया जा सकता है।

# जिंदल स्टेनलेस ने चुनाद सॉल्ट सिस्टम्स के साथ समझौता किया

### लीड टाइम को 10.15ः और इन्वेंट्री लेवल को 8.10 तक घटाने का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुरुग्राम।** भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील विनिमार्ताए जिंदल स्टेनलेस ने अपनी उत्पादन योजनाए नियोजन और निष्पादन प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए दसॉल्ट सिस्टम्स के साथ समझौता किया है। जिंदल स्टेनलेसके हाल ही में हुए विलय और उत्पादन क्षमता में दुगुने विस्तार जोकि वर्तमान में 29 लाख टन सालाना है के बाद यह समझौता हिसार/हरियाणाद्ध और जाजपुर/ओड़िशा के बीच उत्पादन और परिचालन के निर्बाध प्रबंधन में सहायक प्रमाणित होगा। एकीकृत और स्वचालित परिचालन प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित कर जिंदल स्टेनलेस का उद्देश्य है उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाये रखते हुए संसाधन के बेहतर उपयोग बेहतर क्षमता संतुलन लाइव डेटा सिंथेसिस और सटीक अनुमानजैसे लक्ष्यों को हासिल करना।












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**